Website: www.winews.in | Email: winews.in@gmail.com | दिल्ली, नोएडा,हापुड़, फरीदाबाद, मोदीनगर, मेरठ, सहारनपुर, मुजफ्फरनगर, रूड़की, हरिद्वार, देहरादून, मुरादाबाद, बुलंदशहर, अलीगढ़ मथुरा, आगरा,राजस्थान, पंजाब, बहराइच,रामपुर, लखनऊ, काशीपुर, देवन्बद में प्रसारित

दैनिक गाजियाबाद से प्रकाशित हिन्दी दैनिक

# वेलकम इंडिया

RNI NO. UPHIN/2018/76874

नये भारत की नई सोच

वर्षः 6 अंकः 134 | शनिवार, 17 मई -2025 (गाजियाबाद) | पेज-8 | मूल्य-एक रुपया

## नीरज चोपड़ा ने रचा इतिहास

# जेवलिन करियर में पहली बार फेंका 90 मीटर भाला




नई दिल्ली।

भारतीय जेवलिन स्टार नीरज चोपड़ा ने दोहा डायमंड लीग 2025 में मेंस जेवलिन थ्रो स्पर्धा में 90 मीटर थ्रो करके इतिहास रच दिया।

नीरज चोपड़ा अपने जेवलिन करियर में पहली बार 90 मीटर तक का भाला फेंका। नीरज ने यह उपलब्धि टूनार्मेंट में अपने तीसरे थ्रो में 90.23 मीटर भाला फेंककर हासिल की। यह नीरज का नया राष्ट्रीय रिकॉर्ड है।

भारत के भाला फेंक स्टार और दो बार के ओलंपिक पदक विजेता नीरज चोपड़ा दोहा डायमंड लीग में 2025 के अपने पहले इवेंट में हिस्सा ले रहे हैं। भारत के एथलेटिक्स पोस्टर बॉय नीरज चोपड़ा किशोर जेना के साथ दोहा डायमंड लीग में भारत का प्रतिनिधित्व कर रहे हैं। वहीं, गुलवीर सिंह (मेंस की 5000 मीटर) और पारुल चौधरी (महिलाओं की 3000 मीटर स्टीपलचेज) भी इस स्पर्धा में भारत की तरफ से हिस्सा ली हैं। मैच की बात करें तो नीरज ने अपने पहले प्रयास में ही 88.44 मीटर की दूरी तय करते हुए प्रतियोगिता की शुरूआत की। साथ ही विरोधियों को चैलेंज देते हुए बता दिया था कि वह किस लय में हैं। हालांकि, दूसरे प्रयास में चोपड़ा फाउल कर बैठे। इसके बावजूद भी वह बढ़त बनाए हुए थे। हालांकि, आखिरी राउंड में जूलियन वेबर ने नीरज चोपड़ा को पीछे छोड़ दिया। जूलियन ने 91.06 मीटर भाला फेंककर अपना सीजन बेस्ट परफार्मेंश किया। नीरज चोपड़ा दूसरे स्थान पर रहे। वहीं, पीटर्स तीसरे पोजिशन पर रहे। इस टूनार्मेंट में नीरज चोपड़ा के अलावा जैकब वडलेज, एंडरसन पीटर्स और जूलियन वेबर ने भी हिस्सा लिया है। वही, पेरिस ओलंपिक चैंपियन पाकिस्तान के अरशद नदीम ने टूनार्मेंट में हिस्सा नहीं लिया है।

### इन स्थानों पर रहे खिलाड़ी

जूलियन वेबर– 91.06 मीटर
नीरज चोपड़ा– 90.23 मीटर
एंडरसन पीटर्स– 85.64 मीटर
अरशद नदीम ने नहीं लिया

# उत्तर भारत में लू का प्रकोप, दिल्ली से राजस्थान भीषण गर्मी

नई दिल्ली।



उत्तराखंड में मौसम का मिजाज बदला हुआ है। पर्वतीय क्षेत्रों में हल्की बौछारें हो रही हैं, जबकि मैदानी क्षेत्रों में उमस बढ़ गई है। कुछ क्षेत्रों में आकाशीय बिजली चमकने और अंधड़ चलने को लेकर यलो अलर्ट जारी किया गया है। स्काईमेट वेदर के उपाध्यक्ष महेश पलावत का कहना है कि असामान्य मौसमी गतिविधियां इस बार मई में तापमान बढ़ने नहीं दे रहीं। एक के बाद एक पश्चिमी विक्षोभ आ रहे हैं, जिससे आंधी और वर्षा के हालात बन रहे हैं। कई जगहों पर लू चलने की बजाय तापमान सामान्य के आसपास या उससे नीचे बना हुआ है। समुद्र की सतह से डेढ़ किमी ऊपर हवा के ऊपरी स्तर में साइक्लोनिक सर्कुलेशन बना हुआ है, जो उत्तर पश्चिम उत्तर प्रदेश की तरफ खिसक रहा है।

उत्तर भारत इस समय भयंकर लू की चपेट में है। कई जगहों पर धूल भरी आंधी चलने से वायु प्रदूषण की दोहरी मार पड़ रही है। उत्तर प्रदेश के बांदा में तापमान 46.2 डिग्री सेल्सियस पहुंच गया, जो देश में सर्वाधिक है। राज्य के 13 जिलों में दिन का तापमान 41 डिग्री सेल्सियस से ऊपर रहा।

आगामी 48 घंटों में लू के और तेज होने की आशंका को देखते हुए मौसम विज्ञान विभाग ने आरेंज अलर्ट जारी किया है। 19 मई से उत्तर भारत के कुछ हिस्सों में हल्की बारिश की संभावना जताई गई है। राजधानी में दिनभर झुलसाने वाली गर्मी के बाद शाम को 60 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से आंधी चली और वर्षा हुई। इस दिन का अधिकतम तापमान 42.3 डिग्री सेल्सियस रहा, जो इस सीजन का सर्वाधिक है। तापमान के साथ-साथ गर्म हवाओं और आ?द्रता के स्तर में भी वृद्धि हुई है, जो लगभग 60 प्रतिशत तक पहुंच गई है। इससे हीटस्ट्रोक की आशंका बढ़ गई है। राजस्थान के श्रीगंगानगर में 45.9 डिग्री सेल्सियस तापमान दर्ज किया गया। चूरू में 45.6 और बीकानेर में 45.2 डिग्री तापमान रहा। पंजाब में भी धूप और लू का प्रकोप जारी है। बठिंडा में अधिकतम तापमान 45.5 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया। जम्मू-कश्मीर में भी अगले दो दिन प्रचंड गर्मी का अनुमान है।

## जलवायु परिवर्तन पर भारत ने वैश्विक मंच से विकसित देशों को फिर घेरा




नई दिल्ली।

जलवायु परिवर्तन से निपटने के अपने लक्ष्यों को हासिल करने में तेजी से जुटे भारत ने विकसित देशों को पेरिस समझौते के तहत किए गए अपने वादों को पूरा न करने को लेकर एक बार फिर घेरा है। केंद्रीय वन एवं पर्यावरण मंत्री भूपेंद्र यादव ने कहा कि भारत सहित पूरे दक्षिण एशिया में दुनिया की कुल आबादी का लगभग 25 प्रतिशत लोग रहते है जबकि कार्बन उत्सर्जन में हिस्सेदारी सिर्फ चार प्रतिशत है। बावजूद इसके विकासशील देशों को जलवायु परिवर्तन का बोझ असमान रूप से झेलना पड़ रहा है।

केंद्रीय मंत्री यादव शुक्रवार को हिमालय व अन्य पर्वतीय क्षेत्रों के इकोसिस्टम को संरक्षित करने के लिए नेपाल के काठमांडू में आयोजित पहले सागरमाथा संवाद को संबोधित कर रहे थे।

## बांग्लादेश में महिला अधिकार कार्यकताओं का विरोध प्रदर्शन



ढाका।

बांग्लादेश की राजधानी में शुक्रवार को हजारों महिला अधिकार कार्यकर्ता संसद भवन के निकट माणिक मियां एवेन्यू पर एकत्रित हुईं, जहां उन्होंने महिलाओं के लिए समान अधिकार और सम्मान की मांग की। महिलाओं की पुकार पर एकजुटता यात्रा (नरिरा डाके मैत्री यात्रा) के नारे के तहत आयोजित इस रैली का उद्देश्य धर्म के नाम पर महिलाओं के अधिकार छीनने के प्रयासों का विरोध करना था।

यह प्रदर्शन बांग्लादेश में नारीवाद विरोधी भावना की एक लहर के बीच हुआ, जो अंतरिम सरकार की महिला सुधार आयोग की उस सिफारिश के विवाद से शुरू हुआ, जिसमें सेक्स श्रमिकों को श्रमिक के रूप में मान्यता देने की बात कही गई थी। कट्टरपंथी इस्लामी समूहों ने इस कदम का विरोध किया और महिलाओं के प्रति अपमानजनक टिप्पणियां कीं। कार्यकताओं ने हाल की उन टिप्पणियों की निंदा की, जो महिलाओं को नीचा दिखाती थीं। उन्होंने इस विरोध प्रदर्शन के प्रति एकजुटता व्यक्त की, यह बताते हुए कि महिलाओं के अधिकारों की रक्षा करना कितना महत्वपूर्ण है। बांग्लादेश की पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना को पिछले साल अगस्त में एक आंदोलन के दौरान सत्ता से हटा दिया गया था।

## ब्रह्मोस मिसाइल को पाकिस्तान तो क्या चीन का डिफेंस सिस्टम भी नहीं रोक सकताः अमेरिकी रक्षा विशेषज्ञ




नई दिल्ली।

ऑपरेशन सिंदूर के दौरान भारत ने अपनी क्षमता प्रदर्शित की है कि वह पाकिस्तान में कहीं पर भी और कभी भी हमला कर सकता है। साथ ही भारत की बचाव की क्षमता भी ऐसी है कि वह पाकिस्तान के किसी भी हमले को रोक सकता है। इस दौरान एक प्रमुख बात और गौर करने वाली रही कि भारत की ब्रह्मोस मिसाइल को रोकने वाला डिफेंस सिस्टम पाकिस्तान और चीन के पास नहीं है। भारत की सैन्य क्षमताओं के बारे में यह सटीक विश्लेषण अमेरिका के रक्षा मामलों के विशेषज्ञ कर्नल (रिटायर्ड) जॉन स्पेंसर का है। अर्बन वॉरफेयर एक्सपर्ट स्पेंसर ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर की चार दिनों की सैन्य गतिविधियों में भारतीय सेनाओं ने हमले और सुरक्षा के क्षेत्रों में श्रेष्ठता साबित की। एक मीडिया हाउस से इंटरव्यू में स्पेंसर ने कहा कि ब्रह्मोस मिसाइलों ने 10 मई को पाकिस्तान के 11 वायुसेना अड्डों-ठिकानों पर हमला कर वहां तबाही मचाई। पाकिस्तान, चीन निर्मित एयर डिफेंस सिस्टम का इस्तेमाल करता है और वे सिस्टम भारत की ब्रह्मोस मिसाइलों को रोक नहीं पाए। चूंकि यही डिफेंस सिस्टम चीन की सेना भी इस्तेमाल करती है इसलिए भारत की ब्रह्मोस मिसाइलों को रोकने की क्षमता पाकिस्तान और चीन के पास नहीं है।

## अजरबैजान नागोर्नो कारबाख शहरों पर नियंत्रण के लिए तेज किए हमले

एपी। नागोर्नो-कारबाख शहरों पर शुक्रवार को हुई गोलाबारी में कम से कम तीन नागरिकों की मौत हो गई। क्षेत्र पर नियंत्रण पाने के लिए अजरबैजान ने अपना आक्रमण तेज कर दिया है। क्षेत्रीय अधिकारियों ने यह जानकारी दी। अजरबैजानी रॉकेट और तोप के गोले नागोर्नो-कारबाख की क्षेत्रीय राजधानी स्टेपानाकेर्ट के रिहाइशी इलाके और ठीक दक्षिण पहाड़ियों में शुशी शहर में गिरे। अधिकारियों ने कहा कि एक महिला और उसके दो पोते-पोतियों समेत तीन लोगों की मौत हो गई।

# तुर्किये और अजरबैजान के साथ व्यापार का होगा बहिष्कार

नई दिल्ली।




ऑपरेशन सिंदूर के दौरान पाकिस्तान के साथ खड़ा होने वाले तुर्किये और अजरबैजान का विरोध लगातार बढ़ रहा है। देशभर के 125 से अधिक प्रमुख व्यापारी नेताओं ने इन दोनों देशों के साथ व्यापार का पूरी तरह बहिष्कार करने का निर्णय लिया है। इस बहिष्कार में यात्रा और पर्यटन क्षेत्र भी शामिल होगा। व्यापारी नेताओं ने भारतीय फिल्म उद्योग से भी अपील की कि तुर्किये और अजरबैजान में शूटिंग न करें। शुक्रवार को नई दिल्ली में आयोजित व्यापारी प्रतिनिधियों की बैठक में तय किया गया कि दोनों देशों के साथ व्यावसायिक संबंधों की नीति पर पुनर्विचार के लिए केंद्र सरकार से भी अनुरोध किया जाएगा। व्यापारिक समुदाय ने स्पष्ट किया है कि फिल्म उद्योग से अपील की गई है कि वे इन दोनों देशों में शूटिंग न करें। यदि ऐसा नहीं किया गया, तो व्यापार जगत और आम जनता ऐसी फिल्मों का बहिष्कार करेगी।

## 'ऑपरेशन सिंदूर पीएम मोदी की दृढ़ राजनीतिक इच्छाशक्ति का प्रतीक': अमित शाह



नई दिल्ली।

राष्ट्रीय सुरक्षा की चुनौतियों से निपटने के लिए अत्याधुनिक तकनीक से लैस मल्टी एजेंसी सेंटर (मैक) नए रूप में सामने आया है। गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने 500 करोड़ रुपये की लागत से तैयार नए मैक का उद्घाटन किया। अमित शाह ने ऑपरेशन सिंदूर को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की दृढ़ राजनीति इच्छा शक्ति के साथ ही खुफिया एजेंसियों की सटीक सूचना और तीनों सेनाओं की अचूक मारक क्षमता का प्रतीक बताया। उन्होंने माओवादियों के विरुद्ध ऐतिहासिक अभियान के दौरान सुरक्षा बलों के बीच समन्वय की भी प्रशंसा की। अमित शाह के अनुसार, आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस (एआइ) और मशीन लर्निंग से लैस मैक का नया नेटवर्क आतंकवाद, उग्रवाद, संगठित अपराध और साइबर हमलों जैसे गंभीर खतरों से निपटने में देश के प्रयासों को मजबूती प्रदान करेगा।

## बिन पानी तरसेगा पाकिस्तान! नहर बनाकर चेनाब नदी का पानी डायवर्ट करेगा भारत

नई दिल्ली।

पहलगाम आतंकी हमले के बाद भारत पाकिस्तान की कमर तोड़ने के लिए तिहरा वार करने की तैयारी कर रहा है। इस सिलसिले में पाकिस्तान की हेकड़ी निकालने के लिए भारत रणबीर नहर का दोहरीकरण करने पर विचार कर रहा है। इसके जरिये पाकिस्तान के पंजाब जा रहे चेनाब नदी के पानी की बड़ी मात्रा भारत में ही रोक ली जाएगी। अभी सिर्फ एक रणबीर नहर से चेनाब का पानी जम्मू के विभिन्न क्षेत्रों में पहुंचाया जाता है। जाहिर है कि इससे हम अपने भी हिस्से का पूरा पानी नहीं ले पाते हैं। नहर के दोहरीकरण से भारत 150 घन मीटर पानी डायवर्ट कर पाएगा। कश्मीर में 26 नागरिकों की हत्या के तुरंत बाद भारत ने सिंधु जल समझौते को स्थगित कर दिया था। यह समझौता सिंधु नदी प्रणाली के तहत जल बंटवारे का प्रबंधन करता है। भारत और पाकिस्तान द्वारा संघर्ष विराम पर सहमत होने के बावजूद समझौते को बहाल नहीं किया गया है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अधिकारियों को चेनाब, झेलम और सिंधु नदी की परियोजनाओं के निष्पादन में तेजी लाने का आदेश दिया है।

### भारत ने पानी रोकना शुरू किया

एक अधिकारी ने बताया कि इसको लेकर चर्चा पिछले महीने शुरू हुई थी और संघर्ष विराम के बाद भी जारी है। पाकिस्तान की लगभग 80 प्रतिशत खेती सिंधु नदी प्रणाली पर निर्भर है और लगभग सभी जलविद्युत परियोजनाएं भी इसी पर स्थित हैं। इस्लामाबाद को इस बात का अंदाजा है कि भारत ने यदि बांध, नहर या अन्य बुनियादी ढांचे का निर्माण कर पानी को रोकना शुरू कर दिया, तो उसे किस तरह के दबाव का सामना करना पड़ सकता है।



## संपादक की कलम से

# बदजुबान नेता-मंत्री


मंत्री और नेता बदजुबान क्यों होने लगते हैं? वे आपत्तिजनक ही नहीं, अश्लील, शर्मनाक और मर्यादाहीन भाषा क्यों बोलने लगते हैं? उच्च न्यायालय को उसे गटर की भाषा क्यों करार देना पड़ता है? वे निजी हमले भी करते हैं और देश की संप्रभुता, एकता, अखंडता के लिए खतरनाक बोली भी बोलते हैं। यह कानूनन मानहानि ही नहीं, देशद्रोह की परिधि में भी आना चाहिए। मप्र के जनजातीय कल्याण मंत्री और 8 बार के निर्वाचित विधायक विजय शाह तो आदतन और सिलसिलेवार गालीबाज रहे हैं। न जाने क्यों भाजपा अभी तक उन्हें ढो रही है? सिर्फ चुनाव जीतना ही राजनीति नहीं होता। राजनीति के सामाजिक और वैचारिक मूल्य भी होने चाहिए। भाषा अभद्र नहीं होनी चाहिए। दूसरी तरफ समाजवादी पार्टी के महासचिव एवं वरिष्ठ सांसद रामगोपाल यादव ने खुलासा किया है कि एयर मार्शल एवं वायुसेना ऑपरेशन के महानिदेशक एके भारती यादव हैं और विंग कमांडर व्योमिका सिंह हरियाणा की जाटव हैं। इन दोनों सैन्य अधिकारियों ने ऑपरेशन सिंदूर की कार्रवाई को देश को ब्रीफ किया था। उनके साथ कर्नल सोफिया कुरैशी भी थीं, जिनके खिलाफ मप्र के मंत्री ने जहर उगला था। उन्हें आतंकियों की बहन तक करार दिया था। सवाल है कि इन दोनों नेताओं को बदजुबानी कर क्या हासिल हुआ? सेना और सैनिक का कोई जाति-धर्म नहीं होता। वे सिर्फ भारतीय होते हैं। बेशक मप्र के मंत्री ने बाद में कई बार माफी भी मांग ली, लेकिन वह निर्लज्जता की हंसी भी हंसते रहे। यह हमारे लोकतंत्र के नेताओं-मंत्रियों का चरित्र है। मंत्री विजय शाह का दूसरों के प्रति बदजुबानी का पुराना इतिहास रहा है। उन्होंने 2013 में मप्र के तत्कालीन मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान की पत्नी तक को नहीं छोड़ा। कांग्रेस नेता राहुल गांधी पर फब्तियां कसीं। चलो, इसे राजनीति के खाते में डाल देते हैं। किन्नर समुदाय का मजाक उड़ाया और अब आतंकवाद तथा मुस्लिम की आड़ में ऐसे अपशब्दों का प्रयोग किया है, जिन्हें हमारी नैतिकता लिखने से रोकती है। दरअसल यह अलगाववादी सियासत है। भाजपा में एक तबके की सोच यह है कि मुसलमानों को जितनी गालियां दोगे, हिंदुओं के उतने ही वोट मिलेंगे। यह गलतफहमी है। मप्र उच्च न्यायालय की जबलपुर बेंच ने कर्नल सोफिया के प्रति मंत्री की बदजुबानी का स्वतः संज्ञान लिया है। सहज सवाल किया गया कि मंत्री के संवैधानिक पद पर बैठा व्यक्ति गटरनुमा भाषा कैसे बोल सकता है? सर्वोच्च अदालत में प्रधान न्यायाधीश जस्टिस बी. आर. गवई ने इसी आधार पर मंत्री के वकील के जरिए मंत्री को फटकार लगाई और उच्च न्यायालय के प्राथमिकी दर्ज करने वाले आदेश को रद्द करने से इंकार कर दिया। उच्च न्यायालय ने भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धाराओं 152, 196-1बी, 197-1सी के तहत प्राथमिकी दर्ज कराई है। इंदौर पुलिस को देर रात प्राथमिकी दर्ज करनी पड़ी, क्योंकि उसे अवमानना की धमकी दी गई थी, लेकिन पुलिस ने छल और मजाक किया। प्राथमिकी में मंत्री की बदजुबानी का कोई भी ब्यौरा नहीं था। बहरहाल अदालत ने हडका कर प्राथमिकी ठीक कराई और आगे की जांच अदालत की निगरानी में करने का आदेश दिया। बहरहाल शुक्रवार, 16 मई को सर्वोच्च अदालत में सुनवाई थी। उस फैसले का विश्लेषण बाद में किया जा सकता है, लेकिन अहम सवाल यह है कि क्या भाजपा के राजनीतिक संस्कार यह भी हैं कि उसके नेता और मंत्री अपनी बदजुबान के जरिए देश की सेना और सैन्य अधिकारियों को अपमानित करते रहें? देश में ऐसे तत्त्व निरंकुश क्यों हैं कि कभी वे देश के विदेश सचिव विक्रम मिसरी और उनकी बेटी का सोशल मीडिया पर अपमान करते हैं।



ललित शर्मा
संपादक

# अरुणाचली चाल है पाक के हक में चीन की बौखलाहट

चीन यह तो चाहता है कि भारत उसके हितों को लेकर अतिरिक्त सावधानी बरते, लेकिन खुद उसकी ओर से भारत के प्रति अपेक्षित संवेदनशीलता को लगातार नजरअंदाज करता है। चीन भरोसे लायक देश नहीं है, चीन के प्रति कठोर रवैया जरूरी है। पहलगाम आतंकी हमले के बाद भारत के सफल ह्यऑपरेशन सिंदूरह्न के बाद चीन बौखला गया है। पाकिस्तान की करारी हार एवं उसे दिये गये सबक को चीन पचा नहीं पा रहा है। चीन-पाक की सदाबहार दोस्ती के उदाहरण बार-बार सामने आते रहे हैं, हाल ही में सैन्य टकराव के दौरान चीन ने प्रत्यक्ष व परोक्ष तौर पर पाकिस्तान का समर्थन ही नहीं किया, बल्कि सैन्य व आर्थिक मदद भी की। ऐसे ही संवेदनशील समय पर चीन ने भारतीय जमीन पर दावेदारी जताने एवं अरुणाचल के 27 स्थानों को चीनी नाम देने की कुचेष्टा की है। उसकी यह नापाक कोशिश भी पाक के साथ खड़े होने का ही प्रयास है। यह ध्यान रहे कि वह अरुणाचल एवं उसके अनेक क्षेत्रों, इनमें आवासीय क्षेत्रों के साथ पहाड़ और नदियां भी हैं, इनको पहले ही चीनी नाम दे चुका है। भारत सरकार ने अरुणाचल के भीतरी स्थानों को नए नाम देने के चीन के निराधार और बेतुके प्रयासों को स्पष्ट रूप से खारिज करते हुए इसकी निन्दा की है। चीन अपनी दोगली नीति, षडयंत्रकारी हरकतों एवं विस्तारवादी मंशा से कभी बाज नहीं आता। वह हमेशा कोई ऐसी कुचेष्टा करता ही रहता है जिससे भारत चीन बॉर्डर पर अक्सर तनाव रहता है। हालांकि भारत ने दो टूक जवाब देते हुए साफ कहा है कि अरुणाचल प्रदेश भारत का अभिन्न अंग है और यह चीनी दुष्प्रचार के सिवाय कुछ नहीं है। चीन की इस हरकत ने यह साफ कर दिया है कि उससे संबंध सुधारने की भारत की तरफ से कितनी ही पहल हो



जाए, वह सुधरने वाला नहीं है। निश्चित ही चीन की ये दकियानूसी हरकतें पूरी तरह से अस्वीकार्य हैं, यह उसके दुस्साहस एवं उच्छृंखलता का द्योतक है। नाम बदलने से इस स्पष्ट और निर्विवाद वास्तविकता को नहीं बदला जा सकता कि अरुणाचल प्रदेश भारत का अभिन्न और अविभाज्य अंग था, है और हमेशा रहेगा। इस तरह की करतूतों, बचकानी एवं बेतूकी हरकतों से भारत को उकसाना चाहता है। इसी नीति के तहत वह भारत के पड़ोसी देशों में अपनी पैठ बना कर पुलों, सड़कों, व्यावसायिक केंद्रों आदि का निर्माण कर भारत की सीमा पर तनाव पैदा करने की भी कोशिश करता रहा है। शायद उसने यह मुगालता पाल लिया है कि ताजा घटनाक्रम से भारत दबाव में आ जाएगा लेकिन भारत अब ऐसे किसी दबाव में न तो आयेगा, बल्कि इनका सक्षम एवं तीक्ष्ण तरीके से जबाव देने में भारत सक्षम है। चीन का अधिक बौखलाहट एवं खीज का बड़ा कारण भारत ने उसके एयर डिफेंस सिस्टम, ड्रोन, मिसाइल आदि की इस कदर पोल खोल कर रख दी कि अब उसके लिए दुनिया के निर्धन देशों को अपने दोयम दर्जे एवं घटिया किस्म के चीनी हथियार बेचना कठिन होगा। पाकिस्तान ने जिस चीनी मिसाइल का इस्तेमाल किया था, उसे भारत ने नाकाम कर दिया। चीन यह तो चाहता है कि भारत उसके हितों को लेकर अतिरिक्त सावधानी बरते, लेकिन खुद उसकी ओर से भारत के प्रति अपेक्षित संवेदनशीलता को लगातार नजरअंदाज करता है। चीन भरोसे लायक देश नहीं है, चीन के प्रति कठोर रवैया जरूरी है। निस्संदेह नाम बदलने जैसी घटनाएं हमें सतर्क करती हैं कि चीन के साथ मैत्री

> भारत के साथ चीन का बर्ताव हमेशा दोगला एवं द्वेषपूर्ण रहा है। इसकी भी अनदेखी नहीं कर सकते कि चीन किस तरह पाकिस्तान को भारत के खिलाफ मोहरे की तरह इस्तेमाल करता रहा है। जाहिर बात है कि चीन ने ऐसा न केवल चुनौतीपूर्ण समय में भारत का ध्यान भटकाने के लिये किया है, बल्कि पाकिस्तान के साथ एकजुटता दिखाने के लिये भी किया है। अपनी आर्थिक शक्ति के नशे में चूर अहंकारी चीन अंतरराष्ट्रीय नियम–कानूनों को जिस तरह धता बता रहा है, उससे वह विश्व व्यवस्था के लिए खतरा ही बन रहा है। अब यह भी किसी से छिपा नहीं कि वह गरीब देशों को किस तरह कर्ज के जाल में फंसाकर उनका शोषण कर रहा है। चीन भूल गया है कि अब भारत 1962 वाला भारत नहीं है, यह नया भारत है और आज का भारत चीन को मिट्टी में मिलाने की ताकत रखता है। भारत की रणनीति साफ है, स्पष्ट है।

संबंधों के निर्धारण के दौरान हमें सजग, सावधान व सचेत रहना चाहिए। अन्यथा चीन पीठ पर वार करने से नहीं चूकने वाला है। भारत को चीन के साथ अपनी तिब्बत नीति पर भी नए सिरे से विचार करना होगा। पिछले तीसरे साल में चीन ने अरुणाचल प्रदेश के अनेक स्थानों के नाम बदले हैं। चीन अरुणाचल को जांगनान के नाम से दशार्ता है। वहीं इसे तिब्बत के दक्षिणी हिस्से के रूप में होने का दावा करता है। चीन किये गये वायदों एवं समझौतों से पीछे हटता रहा है, चीनी राष्ट्रपति ने दोनों देशों के बीच 1993, 1996, 2005 और 2013 में परस्पर भरोसा पैदा करने वाले समझौतों को पूरी तरह नजरअंदाज कर दिया। उन्होंने अपनी सेना को भारतीय दावे वाले इलाकों में अतिक्रमण करने का आदेश दिया। इसी का अंजाम रही जून 2020 में गलवान घाटी जैसी घटना। जिसमें उसके सैनिक गलवान घाटी में घुस आए थे, जिन्हें रोकने में खूनी संघर्ष हुआ। तबसे दोनों देशों के रिश्ते तनावपूर्ण बने हुए हैं। भारत के हिस्से की जमीन पर कब्जा करने के इरादे से वह चोरी-छिपे और चालबाजी से घुसपैठ करने की कोशिशें करता रहता है। चीन की विस्तारवादी नीति भारत सहित सम्पूर्ण एशिया के लिये ही नहीं, पूरे विश्व के लिए बड़ा खतरा है। चीन भारत की बढ़ती ताकत एवं रूतबे से परेशान है। भारत की बढ़ती आर्थिक और सामरिक ताकत चीन को चुभती रही है, इसलिए वह चोरी, चालाकी और चालबाजी से भारत को कमजोर करने की चालें चलता रहता है। दरअसल, सीमाओं को लेकर नित नए विवादास्पद तथ्य लाना चीन की फितरत में शामिल है। अरुणाचल प्रदेश ही नहीं, अक्साई चिन, ताइवान और विवादित दक्षिण चीन सागर पर भी चीन अपना दावा जताता रहा है।

शातिर और चालबाज चीन अरुणाचल के किसी दस्तावेज पर भारत का नाम स्वीकार नहीं करता। कुछ मौकों पर तो वह अरुणाचल को अपने नक्शे में शामिल कर दुनिया के सामने साबित करने की कोशिश कर चुका है कि वह उसका इलाका है। मगर भारत की तरफ से मिले सख्त प्रतिरोध की वजह, सामरिक शक्ति और रणनीतिक सूझ-बूझ से उसे हर बार मुंह की खानी पड़ी है। भारत को अनेक मोर्चों पर चीन को आडे हाथ लेना होगा, सबसे जरूरी है चीन सामान का बहिष्कार, इस पर सरकार के साथ हमारे उद्योग जगत एवं आम जनता को भी गंभीरता से सोचना होगा। ऐसा करके ही चीन की कमर को तोड़ा जा सकता है, आज दुनिया के अनेक देश चीनी सामान का बहिष्कार कर रहे हैं, हमें भी कठोर कदम उठाने होंगे।

## संजीव ठाकुर



### संजीव-नी।

### कविता

आंखों ही आंखों में मुस्कुरा देना तुम।

हर एहसास दिल में न दबा देना तुम,
होठों से जरा तिरछा मुस्कुरा देना तुमह्ण

ये तो दिल की लगी है, न घबराना,
आंखों ही आंखों में मुस्कुरा देना तुम।

नया नया रूप है तुम्हारे जीवन का,
न सम्भले तो बहक न जाना तुम।

आ जाओ जरा सूरज की रोशनी में,
भले रातों में चांदनी सा बन जाना तुम,

रातों के टिमटिमाते जुगनू हैं हम,
हमें राह दिखाता सितारा बन जाना तुम।

हमे देख छुपने की अदा बड़ी प्यारी,
सामने आओ तो,पलकें झुका देना तुम।

जज्बातो के एहसास पुराने हमारे,
दुनिया के लब्जों से टूट न जाना तुम।

बड़ी कोशिशों से दीदार होता है संजीव,
बीच राहों में अकेला न छोड़ जाना तुम।

# गणि राजेन्द्र विजयः दांडी पकडे.गुजरात के उभरते हुए गांधी



ललित गर्ग

प्राचीन समय से लेकर आधुनिक समय तक अनेकों संत-मनीषियों, धर्मगुरुओं, ऋषियों ने भी अपने मूल्यवान अवदानों से भारत की आध्यात्मिक परम्परा को समृद्ध किया है, इन महापुरुषों ने धर्म के क्षेत्र में अनेक क्रांतिकारी स्वर बुलंद किए। ऐसे ही विलक्षण एवं अलौकिक संतों में एक नाम है गणि राजेन्द्र विजयजी। वे आदिवासी जनजाति के होकर भी जैन संत हैं, और जैन संत होकर भी आदिवासी जनजीवन के मसीहा संतपुरुष हैं। वे आदिवासी जनजीवन का एक उजाला है, जो पिछले पांच दशक से गुजरात के आदिवासी क्षेत्रों में उनके उन्नयन एवं उत्थान के लिये संघर्षरत हैं। 19 मई 2025 को गणिजी अपने जीवन के 51वें बसंत में प्रवेश कर रहे हैं।

डॉ. गणि राजेन्द्र विजय एक ऐसा व्यक्तित्व है जो आध्यात्मिक विकास और नैतिक उत्थान के प्रयत्न में तपकर और अधिक निखरा है। वे आदिवासी जनजीवन में शिक्षा की योजनाओं को लेकर विशेष जागरूक हैं, इसके लिये सर्वसुविधयुक्त एकलव्य आवासीय मॉडल विद्यालय का निर्माण उनके प्रयत्नों से हुआ है, वहीं कन्या शिक्षा के लिये वे ब्राह्मी सुन्दरी कन्या छात्रावास का कुशलतापूर्वक संचालन कर रहे हैं। इसी आदिवासी अंचल में जहां जीवदया की दृष्टि से गौशाला का संचालित है तो चिकित्सा और सेवा के लिये चलयमान चिकित्सालय भी अपनी उल्लेखनीय सेवाएं दे रहा है। आदिवासी किसानों को समृद्ध बनाने एवं उनके जीवन स्तर को उन्नत बनाने के लिये उन्होंने आदिवासी क्षेत्र में सुखी परिवार ग्रामोद्योग को स्थापित किया है। इनदिनों वे आदिवासी क्षेत्र में मेडिकल विश्वविद्यालय बनाने की योजना पर कार्यरत है। वे अखिल भारतीय सनातन संत समाज के संगठन में आदिवासी क्षेत्र के संतत्व का प्रतिनिधित्व कर रहे हैं। वे आदिवासी अधिकारों के लिये व्यापक संघर्ष कर रहे हैं, उन्हें संगठित कर रहे हैं, उनका



आत्म-सम्मान जगा रहे हैं। गणि राजेन्द्र विजयजी द्वारा संचालित प्रोजेक्ट एवं सेवा कार्यों की मोटी सूची में मानवीय संवेदना की सौंधी-सौंधी महक फूट रही है। लोग गांवों से शहरों की ओर पलायन रहे हैं, लेकिन गणि राजेन्द्र विजयजी की प्रेरणा से कुछ जीवट वाले व्यक्तित्व शहरों से गांवों की ओर जा रहे हैं। मूल को पकड़ रहे हैं। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी कहते थे- ह्यभारत की आत्मा गांवों में बसती है।ह्ण शहरीकरण के इस युग में इन्सान भूल गया है कि वह मूलतः आया कहां से है? जिस दिन उसे पता चलता है कि वह कहां से आया है तो वह लक्ष्मी मित्तल बनकर भी लंदन से आकर, करोड़ों की गाड़ी में बैठकर अपने गाँव की कच्ची गलियों में शांति महसूस करता है। स्कूल, हॉस्पीटल व रोजगार के केन्द्र स्थापित कर सुख का अनुभव करता है।

गणि राजेन्द्र विजयजी टेढ़े-मेढ़े, उबड़-खाबड़ रास्तों से गुजरते हुए, संकरी-पतली पगडंडियों पर चलकर सेवा भावना से भावित जब उन गरीब आदिवासी बस्तियों तक पहुंचते हैं तब उन्हें पता चलता है कि गरीबी रेखा से नीचे जीवन जीने के मायने क्या-क्या हैं? कहीं भूख मिटाने के लिए दो जून की रोटी जुटाना सपना है, तो कहीं सर्दी, गर्मी और बरसात में सिर छुपाने के लिए झौपड़ी की जगह केवल नीली छतरी (आकाश) का घर उनका अपना है। कहीं दो औरतों के बीच बंटी हुई एक ही साड़ी से बारी-बारी तन ढ़क कर औरत अपनी लाज बचाती है तो कहीं बीमारी की हालत में इलाज न होने पर जिंदगी मौत की ओर सरकती जाती है। कहीं जवान विधवा के पास दो बच्चों के भरण-पोषण की जिम्मेदारी तो है पर कमाई का साधन न होने से जिल्लत की जिंदगी जीने को मजबूर होती है, तो कहीं सिर पर मर्द का साया होते हुए भी शराब व दुर्व्यसनों के शिकारी पति से बेवजह पीटी जाती हैं इसलिए परिवार के भरण-पोषण के लिए मजबूरन सरकार के कानून को नजरंदाज करते हुए बाल श्रमिकों की संख्या चोरी छिपे बढ़ती ही जा रही है। कहीं कंठों में प्यास है पर पीने के लिए पानी नहीं, कहीं उपजाऊ खेत है पर बोने के लिए बीज नहीं, कहीं बच्चों में शिक्षा पाने की ललक है पर माँ-बाप के पास फीस के पैसे नहीं, कहीं प्रतिभा है पर उसके पनपने के लिए प्लेटफॉर्म नहीं। कैसी विडंबना है कि ऐसे आदिवासी गांवों में न सरकारी सहायता पहुंच पाती है न मानवीय संवेदना। अक्सर गांवों में बच्चे दुर्घटनाओं के शिकार होते ही रहते हैं पर उनका जीना और मरना राम भरोसे रहता है, पुकार किससे करें? माना कि हम किसी के भाग्य में आमूलचूल परिवर्तन ला सकें, यह संभव नहीं। पर हमारी भावनाओं में सेवा व सहयोग की नमी हो और करुणा का रस हो तो निश्चित ही कुछ परिवर्तन घटित हो सकता है। लेकिन अब आदिवासी जन-जीवन की तस्वीर बदल रही है, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी इसके लिये अनेक योजनाओं को लेकर सक्रिय है। उनको गणि राजेन्द्र विजयजी जैसे परोपकारी एवं समाज-निमार्ता संतों पर भरोसा है। तभी वे अक्सर सार्वजनिक मंचों एवं कार्यक्रमों में गणिजी को याद करते हैं। कुछ दिन पहले प्रधानमंत्री मोदी ने गुजरात में 4400 करोड़ की परियोजनाओं का शुभारंभ करते हुए ऑनलाइन कांवट की आदिवासी महिलाओं से बात करते हुए गणि राजेन्द्र विजय को जिस स्नेह और आत्मीयता के साथ याद किया, वह दृश्य पूरे देश ने देखा और उनकी सेवाओं को महसूस किया। इसी तरह पूर्व लोकसभा चुनावी सभाओं में भी मोदी ने गणि राजेन्द्र विजयजी के द्वारा आदिवासी क्षेत्र में किये जा रहे कार्यों का उल्लेख किया।

# फसलों की विविधता को कम करेगी बढ़ती गर्मी

ग्लोबल वार्मिंग दुनिया में फसलों की विविधता को कम कर सकती है। एक नए अध्ययन में चेतावनी दी गई है कि यदि वैश्विक तापमान 1.5 डिग्री सेल्सियस से अधिक हो जाता है, तो विशाल क्षेत्र फसल विविधता खो सकते हैं, जिससे विश्वव्यापी खाद्य सुरक्षा के लिए जोखिम बढ़ सकता है। शोधकताओं का अनुमान है कि उच्च तापमान के कारण वैश्विक खाद्य उत्पादन का लगभग एक तिहाई हिस्सा खतरे में पड़ सकता है। फिनलैंड के आल्टो विश्वविद्यालय के वैज्ञानिकों ने नेचर फूड में प्रकाशित शोध में बताया कि तापमान,वर्षा पैटर्न और समग्र शुष्कता में परिवर्तन किस तरह दुनिया भर में 30 प्रमुख खाद्य फसलों के विकास को प्रभावित करेंगे। शोध के परिणाम बताते हैं कि निम्न अक्षांश क्षेत्र, खास कर उष्णकटिबंधीय देशों के बड़े हिस्से सबसे अधिक नुकसान उठाने वाले हैं। जैसे-जैसे तापमान बढ़ेगा, इन क्षेत्रों में कृषि के लिए बहुत अधिक भूमि अनुपयुक्त होती जाएगी। साथ ही उगाई जा सकने वाली फसलों की विविधता में भी भारी गिरावट आएगी। अध्ययन का नेतृत्व करने वाली शोधकर्ता सारा हेइकोनेन ने कहा कि विविधता के नुकसान का मतलब है कि कुछ क्षेत्रों में खेती के लिए उपलब्ध खाद्य फसलों के दायरे में काफी कमी आ सकती है। इससे खाद्य सुरक्षा कम होगी और पर्याप्त कैलोरी और प्रोटीन प्राप्त करना अधिक कठिन हो जाएगा। इन बदलती परिस्थितियों से दुनिया के मौजूदा खाद्य फसल उत्पादन का आधा हिस्सा प्रभावित हो सकता है। चावल, मक्का, गेहूं, आलू और सोयाबीन जैसी प्रमुख फसलों को उपयुक्त कृषि भूमि में भारी कमी का सामना करना पड़ सकता है। इससे उन लोगों के लिए चुनौतियां बढ़ सकती हैं जो दैनिक पोषण के लिए इन फसलों पर निर्भर हैं। कई अन्य फसलें भी असुरक्षित हैं जिनमें अनाज और दालों के अलावा उष्णकटिबंधीय क्षेत्रों में उगने वाली जड़ वाली फसलें शामिल हैं। जिमीकंद जैसी जड़ वाली फसलें कम आय वाले क्षेत्रों में खाद्य सुरक्षा के लिए महत्वपूर्ण हैं। अफ्रीका के सहारा रेगिस्तान के दक्षिण में स्थित देश सबसे अधिक प्रभावित होंगे। यदि ग्लोबल वार्मिंग 3 डिग्री सेल्सियस से अधिक हो जाती है तो इन देशों में वर्तमान उत्पादन का लगभग तीन-चौथाई हिस्सा खतरे में पड़ जाएगा। वैश्विक तापमान का असर सब जगह एक जैसा नहीं होगा। नया अध्ययन निम्न अक्षांश और मध्य से उच्च अक्षांश क्षेत्रों (भूमध्य रेखा और ध्रुवीय क्षेत्रों के बीच में गर्म और ठंडी जलवायु वाले क्षेत्र) के बीच एक स्पष्ट अंतर को दशार्ता है। भूमध्य रेखा के नजदीकी देशों को जहां फसल की भारी क्षति और विविधता में गिरावट का सामना करना पड़ सकता है, वही ठंडी जलवायु वाले देश अपने समग्र उत्पादन स्तर को बनाए रख सकते हैं।

वैज्ञानिकों ने यह भी अनुमान लगाया है कि मध्य और उच्च अक्षांश वाले क्षेत्र गर्म होती दुनिया में फसलों की एक विस्तृत श्रृंखला की खेती करने में सक्षम हो सकते हैं। अध्ययन के वरिष्ठ लेखक मैटी कुम्मू का कहना है कि जलवायु में अनुकूल बदलाव अधिक पैदावार की गारंटी नहीं देता है। जलवायु परिवर्तन से कुछ स्थानों पर उत्पादन बढ़ सकता है लेकिन वार्मिंग नए कीट पैदा कर सकती है और चरम मौसम की घटनाएं ला सकती है।



विजय गर्ग

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक ललित कुमार द्वारा वेलकम इंडिया प्रिन्टर्स, 1/26, साउथ साइड, जी टी रोड़, गाजियाबाद-201001 से मुद्रित कराकर ग्राउन्ड फ्लोर , दुर्गा टॉवर, आर.डी.सी राजनगर, गाजियाबाद 201002 से प्रकाशित किया। संपादक : ललित शर्मा
सम्पर्क सूत्रः 9891116568

किसी कानूनी विवाद की स्थिति में निपटारा गाजियाबाद न्यायालय में ही होगा।

# सेंट एंजेल्स पब्लिक स्कूल बागपत ने किया टॉपर्स विद्यार्थियों को सम्मानित

वेलकम इंडिया



**बागपत, उत्तर प्रदेश।** विवेक जैन। सेंट एंजेल्स पब्लिक स्कूल बागपत के विद्यार्थियों ने हर बार की तरह इस बार भी सीबीएसई बोर्ड में शानदार प्रदर्शन किया। पिछले कई वर्षों से सेंट एंजेल्स के विद्यार्थी सीबीएसई कक्षा-12 व कक्षा-10 के परीक्षा परिणामों में जनपद में टॉपर्स रहे है। इस बार भी कक्षा-12 व कक्षा-10 के परीक्षा परिणामों में स्कूल के मेधावी छात्र-छात्राओं ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया एवं जनपद टॉपर्स की सूची में नाम दर्ज कराया। इस अवसर पर स्कूल कैम्पस में सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। स्कूल प्रबन्धक अजय गोयल व प्रधानाचार्य सनोज चौहान ने मेधावी छात्र-छात्राओं को ट्रॉफी व प्रमाणपत्र प्रदान कर सम्मानित किया एवं उनके उज्वल भविष्य की कामना की। कक्षा-12 के परीक्षा परिणामों में राशी धामा ने 97.2 प्रतिशत, खुशी गुप्ता ने 96.6 प्रतिशत, अंशुल दीक्षित ने 96.0 प्रतिशत, करुणा ने 94.8 प्रतिशत, अर्शिया ने 93.2 प्रतिशत, संस्कृति ने 92.2 प्रतिशत, फारेहा ने 92.0 प्रतिशत, अदिति मलिक ने 91.8 प्रतिशत, आदित्य कौशिक ने 91.4 प्रतिशत, राशी शर्मा ने 91.0 प्रतिशत, नितिका ने 91.0 प्रतिशत, शौर्य शर्मा ने 90.6 प्रतिशत, कार्तिक ने 90.2 प्रतिशत, व दिव्यांश गर्ग ने 90.0 प्रतिशत अंक प्राप्त कर जनपद में परचम लहराया। कक्षा-10 के परीक्षा परिणामों में भी मोली सिंह ने 96.4 प्रतिशत, अदा ने 94.8 प्रतिशत, सर्वेश ने 94.8 प्रतिशत, वंशिका ने 93.6 प्रतिशत, सुक्रान्त ने 93.4 प्रतिशत, अथर ने 93.0 प्रतिशत, सानिया ने 92.8 प्रतिशत, शुभ पराशर ने 92.6 प्रतिशत अंक प्राप्त कर जनपद बागपत टॉपर्स की सूची में नाम दर्ज कराया। मेधावियों ने भी अपनी सफलता का श्रेय स्कूल के शिक्षकों को दिया। इस अवसर पर बबलेश, अमन, शिवम, अमित, प्रदीप, इमरान, आदित्य, गौरव, सचिन, मनोज, अरुण, दीपक, रघुनाथ, संजीव, राजीव, सागर, ऋतुराज, अंजलि, निधि, ममता, सुमन, ज्योति आदि शिक्षक व शिक्षिकाएं उपस्थित रहे।

# स्मार्ट मीटर लगाने के विरोध में संघर्ष वाहिनी ने जताया विरोध

वेलकम इंडिया



**बागेश्वर,** बिजली विभाग द्वारा लोगों के घरों में स्माट ।मीटर लगाने की योजना का विरोध शुरू हो गया है ।बागेश्वर संघर्ष वाहिनी ने इसके विरोध में प्रदर्शन किया। यहां हुई सभा में वक्ताओं ने कहा कि सरकार यूपीसीएल को निजी हाथों में देने की साजिश रही है। डिजिटल मीटर लोगों ने पहले से लगाए हैं। अब स्मार्ट मीटर के नाम से लोगों को बरगलाने का काम किया जा रहा है। जिलाध्यक्ष कवि जोशी के नेतृत्व में वाहिनी से जुड़े लोग तसहील मुख्यालय में पहुंचे। यहां नारेबाजी के साथ प्रदर्शन किया। सभा के बाद एसडीएम के माध्यम से मुख्यमंत्री को ज्ञापन भेजा। ज्ञापन में उनका कहना है कि सरकार ने पहले प्रीपेड मीटर लगाने की योजना बनाई, लेकिन विरोध के बाद योजना का नाम बदलकर स्मार्ट मीटर योजना कर दिया। पहले ही पूरे प्रदेश में डिजिटल मीटर लगे हुए हैं। ऐसे में स्मार्ट मीटर लगाने की योजना किसी को पच नहीं रही है। बिजली चोरी रोकने के नाम पर स्मार्ट मीटर लगाने की योजना बनाई जा रही है। इसके पीछे यूपीसीएल के निजीकरण और भविष्य में इन स्मार्ट मीटरों को प्रीपेड करने की सराकर की मंशा है, लेकिन वाहिनी ऐसा नहीं होने देगी। लगातार बिजली के दाम में बढ़ोत्तरी की जा रही है ।वही विद्युत लाइन में शॉर्ट सर्किट या अर्थिंग की कमी से भी घरों में लोगों के विद्युत मीटर तेज भाग जाते है जिससे उन्हें दोगुनी कीमत चुकानी पड़ती है ।उन्होंने पहाड़ के लोगों को ऊर्जा निगम और सरकार द्वारा महंगी विजली के बाद महंगे बिल वसूलने के लिए लोगों की जेब ढीली कर अपना राजस्व बढ़ाने का साधन बताते हुए पहाड़ी क्षेत्र में पुराने डिजिटल मीटर लगाए जाने की मांग की।

इस दौरान प्रकाश पांडे, अनमोल चन्द, नवनीत बिष्ट, चंद्रकांत भंडारी, सूरज, मोहनीश खान, विनोद चंद, आदि मौजूद थे।

# जिला कार्यालयों में बायोमैट्रिक उपस्थिति प्रणाली लागू



वेलकम इंडिया

**बागेश्वर,** गोविन्द मेहता, जिलाधिकारी आशीष भटगाई के निदेर्शानुसार मुख्य विकास अधिकारी आरसी तिवारी ने विकास भवन में विभिन्न कार्यालयों में बायोमेट्रिक हाजिरी की जांच करने के लिए निरीक्षण किया ।अपनी सख्त कार्यशैली के लिए पहचाने जाने वाले मुख्य विकास अधिकारी के निरीक्षण को देख अधिकारी कर्मचारियों में हड़कम्प मच गया ।वही सीडीओ आर सी तिवारी ने सभी विभागों में लगी बायोमेट्रिक मशीन से अधिकारी कर्मचारियों की हाजिरी की जानकारी ली ।और अभी अधिकारी कर्मियों को इसका कड़ाई से पालन करने के निर्देश दिए.इस दौरान सभी कर्मियों ने बायोमेट्रिक हाजिरी लगाई। मुख्य विकास अधिकारी आरसी तिवारी ने विकास भवन स्थित जिला विकास कार्यालय, डीआरडीए, समाज कल्याण, अर्थ एवं संख्या, सहकारिता, मत्स्य, ग्रामीण निर्माण विभाग, डेयरी, रीप परियोजना और पंचायतीराज सहित कई विभागों का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने विशेष रूप से कर्मचारियों की बायोमैट्रिक उपस्थिति दर्ज किए जाने की प्रक्रिया की जांच की और स्पष्ट निर्देश दिए कि सभी अधिकारी व कर्मचारी समय पर कार्यालय आएं तथा अनिवार्य रूप से बायोमैट्रिक उपस्थिति दर्ज करें।

# रिवर पार्क जैन मन्दिर के सप्तम स्थापना दिवस पर निकाली गयी श्री जी की भव्य रथयात्रा

वेलकम इंडिया



**बागपत, उत्तर प्रदेश।** विवेक जैन। श्री 1008 चिंतामणि पार्श्वनाथ दिगम्बर जैन मंदिर, जैन नगर रिवर पार्क में मंदिर के सप्तम स्थापना दिवस के अवसर पर श्री जी की भव्य रथयात्रा गाजे-बाजे के साथ धूमधाम और हर्षोल्लास के साथ निकाली गई। सर्वप्रथम सुबह के समय श्री जी का विधि-विधान व मंत्रोच्चार के साथ अभिषेक व पूजन किया गया। तत्पश्चात श्री जी की प्रतिमा को रथ में विराजमान कर गाजे- बाजे के साथ रथयात्रा निकाली गई, जिसमें जैन धर्मावलंबियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। कीर्तन मंडली द्वारा श्री जी के एक से बढ़कर एक भजन सुनाए जा रहे थे और श्रद्धालु भगवान जी की रथयात्रा के आगे मधुर भजनों पर नाचते-गाते हुए चल रहे थे। रथयात्रा के पांडुकशिला पहुंचने पर श्री जी की विधि-विधान के साथ पूजा अर्चना की गई। पूरा वातावरण श्री जी के जय-जयकारो से गूंज उठा। उसके बाद रथयात्रा पुनः मंदिर पर आकर समाप्त हुई। रथयात्रा के शुभारंभ के पहले दिन 14 मई को मन्दिर परिसर में रथयात्रा व प्रथम मानस्तम्भ अभिषेक हेतू लक्की ड्रा निकाला गया। जिसमें रथयात्रा श्री जी ( ख्वासी ) के लिए - रूचि जैन नोएडा, सारथी के लिए- श्री अनिल कुमार, जगमोहन जैन बागपत, कुबेर के लिए - श्री नरेश जैन, गौरव जैन बागपत, चंवर के लिए - नगेन्द्र जैन गोयल नोएडा, चंवर के लिए - श्री पवन जैन (मोनिका सिनेमा) बागपत व मानस्तम्भ जी के अभिषेक हेतू पूर्व दिशा के लिए - श्री ईश्वर सिंह जैन दिल्ली, दक्षिण दिशा के लिए - श्री अमित जैन( जोली) बागपत, पश्चिम दिशा के लिए - रेखा जैन सराय व उत्तर दिशा के लिए - नगेन्द्र जैन गोयल नोएडा का चयन हुआ।

# वनस्थली पब्लिक स्कूल बड़ौत की अग्रिमा जैन ने किया सीबीएसई बोर्ड में जिला टॉप




वेलकम इंडिया

**बागपत, उत्तर प्रदेश।** विवेक जैन। बड़ौत नगर के वनस्थली पब्लिक स्कूल ने सीबीएसई बोर्ड में अच्छा प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों के लिए एक भव्य सम्मान समारोह का आयोजन किया। सम्मान समारोह में सीबीएसई बोर्ड में 12 वीं की छात्रा अग्रिमा जैन का कॉमर्स विषय में 97 प्रतिशत अंक प्राप्त कर जिला बागपत टॉप करने व कक्षा 10 में 96 प्रतिशत अंको के साथ साकिब का स्कूल टॉप करने पर अभिनन्दन किया गया और उनको सम्मानित किया गया। स्कूल के प्रबंधक हर्षित जैन एवं प्रधानाचार्य रणवीर कुमार ने बताया कि इस वर्ष स्कूल का परिणाम शत-प्रतिशत रहा जो सभी शिक्षकों, अभिभावकों एवं विद्यार्थियों की कठिन मेहनत व समर्पण का प्रतिफल है।

# संस्कृति विभाग द्वारा आयोजित 10 दिवसीय रसिया गायन कार्यशाला का समापन

वेलकम इंडिया



**मथुरा।** उत्तर प्रदेश लोक एव जनजाति संस्कृति संस्थान संस्कृति विभाग लखनऊ द्वारा मथुरा की रसिया ब्रजलोक गायन कार्यशाला का सुभारम्भ 6 मई को हुआ था जिसका समापन 15 मई को भाजपा के बरिष्ठ नेता पूर्व विधायक श्याम सिंह अहेरिया, ब्रज निधि प्रेमी जी महाराज की उपस्थिति में भव्य रूप से कार्यक्रम आयोजित हुआ। प्रशिक्षक अरुण रावल और पूर्व विधायक व प्रधानाचार्य अंजू शर्मा विनीत मौर्य जी ने बच्चो को सरकारी प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया। जिसमे माँ रेशम देवी भगबान दास आदर्श सीनियर सेकेंडरी स्कूल के बच्चो ने बहुत ही अच्छी प्रस्तुति ब्रजलोक गायन रसिया की दी। छात्र छात्राओं ने लोक गीत अरी गिरवर में बोज हे भारो, सब मिलके देयो सहारो जमुना किनारे मेरो गावो, सावरे आये जइयो, रसिया ब्रजलोक गीत आदि की मनमोहक प्रस्तुति दी ।स्कूली बच्चो के मुखारविंद से, मधुर गीतों को सुनकर अतिथि भी भावविभोर हो गए और प्रसन्न हो कर कार्यक्रम की सराहना भी की। पूर्व विधायक श्याम सिंह अहेरिया ने बताया कि प्रशिक्षक अरुण रावल व उनके संग सहयोगी सुरेश रसिया जी पवन ठाकुर ने बच्चो के साथ मेहनत कर ब्रज की संस्कृति सभ्यता और ब्रज गायन शैली जिस प्रकार से 10 दिन में बच्चों को सिखाए वह काबिले तारीफ है और इस तरह की कार्यक्रम सरकार के द्वारा समय-समय पर विभिन्न स्कूलों में कराए जाते रहने चाहिए। ब्रज मंडल के युवा नोजवानो में प्रतिभा संस्कृति व लोक विधाये छुपी हुई हे सिर्फ उनके अंदर से उन प्रतिभाओ को निकालना बाकि हे। और उत्तर प्रदेश सरकार का भी बहुत बहुत धन्यबाद कहा की ऐसे ही कार्यशाला हमारे हर जिलों में निरंतर चलती रहनी चाहिए।

# ट्रक और डीसीएम की भिड़ंत में तीन लोगों की मौत 31 लोग घायल



वेलकम इंडिया

बुलंदशहर शुक्रवार प्रातः बुलंदशहर अनूपशहर रोड पर जहांगीराबाद के समीप ट्रक और डीसीएम का एक्सीडेंट हुआ। एक्सीडेंट में घायलों को तत्काल उपचार के लिए जिला अस्पताल भिजवाया गया। एक्सीडेंट में 03 लोगों की मृत्यु हो गई एवं 31 लोग घायल हुए। घायलों का जिला अस्पताल में उपचार के दौरान 27 लोगों को हायर सेंटर रेफर किया गया, 04 लोगों का उपचार जिला अस्पताल में किया जा रहा है। एक्सीडेंट की सूचना मिलने पर जिलाधिकारी श्रीमती श्रुति एवं एसएसपी दिनेश कुमार सिंह ने जिला अस्पताल पहुंचकर घायलों के स्वास्थ्य के बारे में जानकारी ली। घायलों से भी वार्ता करते हुए हादसे की बारे में जानकारी ली। सीएमएस को निर्देशित किया गया कि घायलों का अच्छी प्रकार से उपचार कराया जाए। इस अवसर पर एसपी देहात तेजवीर सिंह एसडीएम सदर नवीन कुमार सहित सम्बंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

# विजय शाह के इस्तीफे की मांग करते हुए कोंग्रेसियों का गोवर्धन तहसील पर जोरदार प्रदर्शन



वेलकम इंडिया

**मथुरा/गोवर्धन।** उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष पूर्व मंत्री श्री अजय राय जी के निर्देश पर जिला कांग्रेस कमेटी मथुरा के अध्यक्ष मुकेश धनगर के नेतृत्व में गोवर्धन तहसील के गेट पर जुलूस निकालकर विरोध प्रदर्शन करते हुए विजय शाह भाजपा मंत्री के इस्तीफा की मांग की।

जैसा की आप अवगत हैं कि मध्य प्रदेश भाजपा सरकार के मंत्री विजय शाह द्वारा हमारे देश भारत की बेटी एवं भारतीय सेना की अधिकारी कर्नल सोफिया कुरैशी जी के बारे में अमर्यादित एवम्-अशोभनीय टिप्पणी की गई है। जिससे समस्त कांग्रेस जन तथा आम जनमानस आहत हैं। विजय शाह द्वारा देश की बेटी का यह अपमान देशझ्रनारीझ्रसेना का अपमान है। जिला कांग्रेस कांग्रेस कमेटी द्वारा गोवर्धन में जुलूस निकालकर विजय शाह इस्तीफा दो, विजय शाह को गिरफ्तार करो, विजय शाह को बर्खास्त करो, आदि नारे लगाते हुए कांग्रेस जनों ने विरोध प्रदर्शन किया। जिला अध्यक्ष मुकेश धनगर के नेतृत्व में कांग्रेस जन गोवर्धन की सड़कों में विजय शाह मुदार्बाद के नारे लगाते हुए तहसील गोवर्धन गेट पर पहुंचे। मुकेश धनगर ने कहा कि ३विजय शाह की अमर्यादित भाषा देश, सेना एवं नारी का मनोबल गिराती है।

कार्यक्रम में योगेंद्र सिंह बनवारी चौधरी जिला महासचिव दीपक कौशिक माधव फौजदार पदम सिंह अनिल अरमान धर्मेंद्र अजीत सैनी मानवेंद्र पांडव लोकेश मुकेश प्रधान रवि कुंतल कुलदीप चौधरी गन्नों संजीत फौजदार विष्णु कुंतल गोविंद सिंह मनीष श्याम गोपाल रूप सिंह आदि सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# अत्यंत सहज, सरल व परोपकारी संत थीं माता आनंद सरस्वती महाराज : राज्य मंत्री सुरेंद्र चौधरी

वेलकम इंडिया



**वृन्दावन।** हरिवंश नगर स्थित आनंद भवन आश्रम में मां आनन्द सरस्वती सेवा संस्थान के द्वारा ब्रह्मलीन माता आनंद सरस्वती महाराज का द्वि-दिवसीय तृतीय पुण्यतिथि महोत्सव अत्यन्त श्रद्धा एवं धूमधाम के साथ संपन्न हुआ ।जिसके अंतर्गत अखंड रामायण, गुरु चरण पादुका पूजन, हवन पूणार्हुति व संत, ब्रजवासी, वैष्णव सेवा एवं वृहद भंडारा आदि के आयोजन भी संपन्न हुए ।इस अवसर मुख्य अतिथि के रूप में पधारे उत्तर प्रदेश विधान परिषद की संसदीय अध्ययन समिति के सभापति (दर्जा प्राप्त राज्य मंत्री) सुरेन्द्र चौधरी ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि साध्वी माता आनंद सरस्वती महाराज अत्यंत सहज, सरल व परोपकारी संत थीं ।वे नर सेवा को नारायण सेवा मानती थीं ।उन जैसी पुण्यात्माओं से ही पृथ्वी पर धर्म और अध्यात्म का अस्तित्व है। मां आनंद सरस्वती सेवा संस्थान के अध्यक्ष महंत ब्रजानंद सरस्वती महाराज एवं पुजारी स्वामी ओंकार दास महाराज ने कहा कि हमारी सदगुरुदेव माता आनंद सरस्वती प्रख्यात संत स्वामी चंद्रशेखरानंद सरस्वती की प्रमुख शिष्या थी। वह अपने अखाड़ा व सम्प्रदाय के उन्नयन व संवर्धन के लिए आजीवन कृत संकल्पित रहीं। राधेश्याम शरण महाराज एवं राम मन्दिर के महंत स्वामी रघुनाथ दास महाराज ने कहा कि माता आनंद सरस्वती ब्रह्मलीन स्वामी अखंडानंद महाराज की परम्परा की अत्यंत विद्वान संत थीं। वह दशनामी सन्यासी सरस्वती सम्प्रदाय से दीक्षित थीं। वरिष्ठ साहित्यकार डॉ. गोपाल चतुवेर्दी एवं साध्वी डॉ. राकेश हरिप्रिया ने कहा कि माता आनंद सरस्वती श्रीमद्भागवत व श्रीराम चरित्र मानस की यशस्वी प्रवक्ता थी।

उन्हें कई धर्म ग्रंथ कंठस्थ थे, जिनका वह दैनिक प्रवचन किया करती थीं। ट्रस्ट के उपाध्यक्ष चुन्नी लाल वार्ष्णेय एवं कोषाध्यक्ष अनिल कुमार वार्ष्णेय ने कहा कि ब्रह्मलीन माता आनंद सरस्वती धर्म व अध्यात्म के अलावा समाजसेवा के क्षेत्र में भी अग्रणीय थीं।

# फ्रंट ऑफिस के विरोध में उप निबंधक कार्यालय पर धरना प्रदर्शन



वेलकम इंडिया

**मथुरा/मांट।** प्रदेश सरकार द्वारा फ्रंट ऑफिस पी पी पी मॉडल पर विकसित करने तथा निजीकरण के विरोध में मांट तहसील के समस्त अधिवक्तागण दस्तावेज लेखक, मुंशी , टाइपराइटर, स्टाम्पवेंडर सहितअनेक लोगों ने

रजिस्ट्री ऑफिस के सामने बैठकर विरोध जताया। बताया जाता है कि प्रदेश सरकार द्वारा उपनिबंधन कार्यालय में पी पी पी मॉडल पर कार्य चल रहा है और निबंध मित्र योजना चलाई जा रही है जिससे अधिवक्ता और दस्तावेज लेखकों ने आज से हड़ताल की है। अधिवक्ता अवधेश कटारा ने कहा कि फ्रंट ऑफिस खुलने से रोजगार चौपट हो जाएगा फ्रंट ऑफिस का हम पुरजोर विरोध करते हैं और हम सभी लोग साथ खड़े हैं।

# राजकीय मॉडल बालिका इंटर कॉलेज में अभिभावक-शिक्षक बैठक संपन्न

वेलकम इंडिया



**टाण्डा जिला रामपुर।** मोहल्ला ईद वाली बगिया स्थित राजकीय मॉडल बालिका इंटर कॉलेज में शुक्रवार को विभाग के उच्च अधिकारियों के निर्देश पर अभिभावक-शिक्षक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में विभागीय एजेंडे के अंतर्गत समर कैंप, आत्मरक्षा प्रशिक्षण, किशोरावस्था कार्यक्रम, केरियर गाइडेंस, व्यावसायिक शिक्षा योजना और दिव्यांग विद्यार्थियों के लिए आईईडीएसएस कार्यक्रम आदि की जानकारी दी गई।

प्रधानाचार्या अनुराधा कटियार और सहायक अध्यापिका श्वेता अग्रवाल ने उपस्थितजनों को शैक्षिक गतिविधियों की जानकारी देते हुए छात्राओं के शत-प्रतिशत नामांकन पर जोर दिया। उन्होंने बताया कि कॉलेज में अब चार नई अध्यापिकाओं- प्रियंका सिंह यादव, दीपा तोरहा, रेनु कुमारी और भावना सक्सेना की नियुक्ति हो चुकी है, जिससे शिक्षण स्तर में यकीनन सुधार होगा। उन्होंने बताया कि एक अन्य अध्यापिका की नियुक्ति भी हो चुकी है, जिनकी आमद अभी शेष है। वरिष्ठ सभासद एम सगीर ने नवनियुक्त शिक्षिकाओं का स्वागत करते हुए अभिभावकों से कॉलेज में अधिक से अधिक नामांकन कराने की अपील की और कॉलेज प्रशासन को हर संभव सहयोग का आश्वासन दिया। गौरतलब है कि पालिकाध्यक्ष साहिबा सरफराज, सभासद एम सगीर व तस्लीम पहलवान सहित अन्य जनप्रतिनिधियों की मांग पर कॉलेज में स्टाफ की नियुक्तियां संभव हो सकी हैं। बैठक में श्वेता अग्रवाल, प्रियंका सिंह यादव, दीपा तोरहा, रेनु कुमारी, भावना सक्सेना, वरिष्ठ सभासद एम सगीर, तस्लीम पहलवान समेत कारी लईक, हाफिज मोहम्मद इरफान, कारी फहीम, मौलाना समीर, हाफिज शकील, कारी मुकर्रर और बच्चों के अभिभावक उपस्थित रहे।

# डॉ० संदीप के मुख्य आतिथ्य में 24 कुंडीय गायत्री महायज्ञ के प्रथम दिवस पर कलश यात्रा का आयोजन



वेलकम इंडिया

**झाँसी।** अखिल विश्व गायत्री परिवार के तत्वाधान में मध्य प्रदेश के निवाड़ी जिले के ग्राम टेहरका में 24 कुंडीय गायत्री महायज्ञ का भव्य आयोजन किया गया। यह आयोजन दिनांक 15 मई से प्रारम्भ होकर 18 मई तक जारी रहेगा। इस यज्ञ का प्रमुख उद्देश्य धार्मिक भावनाओं का विस्तार करना, समाज में व्याप्त कुरीतियों के उन्मूलन, नैतिक मूल्यों का उन्नयन, ग्राम व क्षेत्र के लोगों में सुख शांति व समृद्धि एवं संस्कारों के लिए जन-जन को प्रेरित करना है। कार्यक्रम के प्रथम दिन सायं 3:00 बजे से कलश यात्रा प्रारंभ हुई जो गायत्री मंदिर से प्रारंभ होकर गढ़ी स्कूल पर समाप्त हुई। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में झांसी जनपद के प्रतिष्ठित समाजसेवी एवं संघर्ष सेवा समिति के संस्थापक डॉ० संदीप सरावगी उपस्थित रहे। मुख्य अतिथि के आगमन पर आयोजक मंडल द्वारा तिलक व माल्यार्पण कर उनका स्वागत किया गया। कलश यात्रा में सैकड़ों की संख्या में क्षेत्रीय जन उपस्थित रहे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए डॉक्टर संदीप ने कहा गायत्री परिवार के प्रमुख उद्देश्यों में से समाज निर्माण, व्यक्तित्व निर्माण एवं परिवार निर्माण भी प्रमुख उद्देश्य हैं। यदि वास्तविकता में समाज का उत्थान करना है तो लोगों में शिक्षा व ज्ञान के महत्व को जगाना अत्यंत आवश्यक है। सनातन धर्म में गायत्री मंत्र का विशेष महत्व है, गायत्री मंत्र के जाप से व्यक्ति की आत्मा की शुद्धि होती है साथ ही मन मस्तिष्क में नवीन चेतना भी जागृत होती है। आजकल के आपाधात्री भरे समय में से हमें कुछ समय निकालकर मंत्रों का उच्चारण अवश्य करना चाहिये। इस अवसर पर, नित्यानंद त्रिपाठी, इ छ विश्वकर्मा, डॉ महेश खत्री, के के चौरसिया, रमेश तिवारी, हरिशंकर चौरसिया, राजेश दांगी, आलोक तिवारी, रोहित सोनी, सुमित विश्वकर्मा, सोनू चौरसिया, मोक्ष रजक, वैष्णवी, गंगा, स्वाती, ज्योति, नवल किशोर शर्मा, संदीप नामदेव आदि रहे।

# नहर में डूबा युवक दौलतपुर ठेके पर शराब पीता मिला

वेलकम इंडिया

**नरसेना** । थाना क्षेत्र के गांव रघुनाथपुर निवासी रविन्द्र उर्फ रब्बू पुत्र रूपचन्द अपनी मौसेरी बहन की शादी शामिल होने के लिए बृहस्पतिवार की शाम गांव नरसेना गया था। समारोह के दौरान शराब के नशे में नहर में कूद गया। घटना की सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने 16 घंटे तलाश के दौरान नहर में नही मिलने पर सीसीटीवी कैमरा चैक करे । जिसमें नशेड़ी युवक को देखा गया है।

थाना नरसेना क्षेत्र के गांव रघुनाथपुर निवासी अपने परिवार के साथ मौसेरी बहन की शादी में शामिल होने के लिए गांव नरसेना बृहस्पतिवार की शाम आया था। शादी समारोह का कार्यक्रम नहर पुल के समीप मेरिज हॉम चल रहा था। उसी दौरान रविन्द्र ने शराब के सेवन कर लिया। जिसके बाद नशे की हालत करीब देर शाम 9 बजे नहाने के लिए नहर में कूद गया जिसको वहां मौजूद ग्रामीणों और रिश्तेदारों ने उसको दो बार नहर से निकाल लिया। जिसके बाद तीसरी बार नहर में कूदने पर काफी समय तक बाहर नही निकलने पर जिसकी सूचना ग्रामीणों ने परिजनों को दी। मौके पर पहुंचे परिजनों ने जिसकी पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने गौताखोरो को बुलवा कर सर्च अभियान चलाया। घटना की सूचना पर एसडीएम स्याना गजेन्द्र सिंह भी मौके पर पहुंच गए। जिसकी सूचना एनडीआरएफ टीम को दी गई। ग्रामीणों और गौताखोरों ने सारी रात नहर में तलाश किया। शुक्रवार की सुबह पुलिस और प्रशासन ने नहर गौताखोरों और ग्रामीणों ने नरसेना नहर पुल से लेकर भगवंतपुर झाल तक तलाश किया। लेकिन पह नही मिल पाया। नरसेना पुलिस ने नहर पुल के समीप लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज देखी। दौलतपुर कलां मार्ग पर लगे कैमरे में दौलतपुर की तरफ जाता हुआ दिखाई दिया। पुलिस जानकारी करती हुई दौलतपुर पहुंची और उसकी तलाश शुरू कर दी।

# कानपुर विश्वविद्यालय के पत्रकारिता के छात्रों ने किया बुंदेलखंड विश्वविद्यालय पत्रकारिता संस्थान का शैक्षणिक भ्रमण



वेलकम इंडिया

**झांसी।** बुंदेलखंड विश्वविद्यालय झांसी के जनसंचार एवं पत्रकारिता संस्थान में छत्रपति शाहूजी महाराज कानपुर विश्वविद्यालय के जनसंचार एवं पत्रकारिता विभाग के छात्रों ने शैक्षणिक भ्रमण किया। छात्रों ने पत्रकारिता संस्थान की मीडिया लैब की कार्य प्रणाली को समझा एवं किस प्रकार से मीडिया के विभिन्न फॉर्मेटों के लिए कार्यक्रमों का निर्माण किया जाता है इसकी जानकारी प्राप्त की। इसके साथ ही कंप्यूटर लैब में पत्रकारिता संस्थान के न्यूज लेटर, बीयु न्यूज की छात्र संपादक टीम के साथ बैठक की। कानपुर विश्वविद्यालय के पत्रकारिता विभाग के विभागाध्यक्ष अध्यक्ष डॉ विशाल शर्मा ने कहा की वर्तमान में दोनों विश्वविद्यालय के कुलपतियों के सहयोग से 2 वर्ष पूर्व दोनों संस्थाओं के बीच एमओयु हुआ था। छात्रों का यह शैक्षणिक भ्रमण इसी के आलोक में है। उन्होंने अपनी ओर से बुंदेलखंड विश्वविद्यालय के पत्रकारिता संस्थान को अपने यहां आने के लिए आमंत्रित किया। बुंदेलखंड विश्वविद्यालय पत्रकारिता संस्थान के समन्वयक में डॉ कौशल त्रिपाठी ने कहा कि संस्थान लगातार छात्रों को इस प्रकार की शैक्षणिक गतिविधियों के अवसर प्रदान करता रहता है।

कानपुर विश्वविद्यालय से शैक्षणिक भ्रमण पर एमए फाइनल ईयर के छात्रों में दीपांशु तिवारी, एकता त्रिवेदी, आयुषी मिश्रा, दिव्यांशु कृष्ण त्रिवेदी, विभु बाजपेई के साथ बुंदेलखंड विश्वविद्यालय के एमए द्वितीय सेमेस्टर के छात्र, शिक्षक डॉ जय सिंह, डॉ राघवेंद्र दीक्षित, उमेश शुक्ला, डॉ अभिषेक कुमार, अतीत विजय, देवेंद्र सिंह आदि उपस्थित रहे।

# शादी की सालगिरह पर नहीं की पार्टी, जरूरतमंदों की सेवा को चुना

**मथुरा।** सेवा ही सच्ची खुशी का मार्ग है, यह कर दिखाया संस्था के सदस्य वेदप्रकाश साहू धर्म पत्नी माया साहू ने, शादी की सालगिरह आमतौर पर धूमधाम से मनाई जाती है, लेकिन हमारे संस्था के सदस्य वेदप्रकाश साहू निवासी उन्नाव और उनके जीवनसाथी माया साहू ने इस अवसर को एक विशेष रूप देकर सभी के लिए एक मिसाल कायम की है। उन्होंने इस शुभ दिन को सेवा के कार्य में समर्पित करते हुए असहाय एवं जरूरतमंद लोगों के लिए भोजन वितरण की व्यवस्था की। पार्टी या उत्सव न कर, इस जोड़े ने यह साबित किया कि खुशियों को दूसरों के साथ बाँटना ही सच्चा उत्सव है। उन्होंने संस्था द्वारा सैकड़ों लोगों को गरम व स्वादिष्ट भोजन परोसा, जिससे असंख्य चेहरों पर मुस्कान आई। अध्यक्ष शिवकुमार सोनी ने कहा यह कार्य न केवल मानवीयता का उदाहरण है, बल्कि समाज के प्रति हमारी जिम्मेदारी की भी याद दिलाता है।

# आंगनवाड़ी महिला कर्मचारी संघ द्वारा जिलाधिकारी के नाम सौंपा ज्ञापन



वेलकम इंडिया

बुलंदशहर आंगनबाड़ी महिला कर्मचारी संघ उत्तर प्रदेश की प्रदेश उपाध्यक्ष सावित्री गौतम ने जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपा। सावित्री गौतम ने कहा है विभाग के द्वारा हम सभी का कितना शोषण किया जा रहा है आए दिन पोषण ट्रैकर पर नए-नए कार्य दिए जा रहे हैं जिन कार्यों को हमारी सभी आंगनबाड़ी बहनें नहीं कर सकती हैं और ना ही उन सभी कार्यों को करने के लिए हमारे पास संसाधन है कोई भी कार्य करने से पहले संसाधन उपलब्ध कराने जरूरी है कार्य करने के लिए ट्रेनिंग देना जरुरी है सरकार और विभाग के पास संसाधन उपलब्ध कराने के लिए पैसा नहीं है और ना ही ट्रेनिंग देने के लिए समय है और जबरदस्ती आंगनबाड़ी बहनों पर दवाव बनाया जा रहा है कि इस काम को पूरा करें फेस कैप्चर और केवाईसी का कार्य इतना कठिन है कि वह केंद्र पर बिना वाई-फाई के नहीं किया जा सकता है सरकार हमारे मेंन मुद्दों से हमें भड़काने के लिए नये नये कार्य ला रही जिससे कि हम मानदेय वृद्धि की मांग रिटायरमेंट पर पेंशन में ग्रेजुएटी की मांग, स्वयं सहायता समूह के द्वारा शोषण की मांग ,ग्राम प्रधानों के द्वारा शोषण की मांग, आदि को भूलकर इनके द्वारा दिए हुए कार्य में उलझ कर रह जाए परंतु बहनों हमें इन सब चीजों में उलझ कर नहीं रहना है अपनी मांगों के मुद्दों को समय-समय पर मजबूती के साथ उठाते रहना है और उनके द्वारा दिए हुए कार्यों का विरोध करते रहना है इसीलिए सभी ट्रेड यूनियनों ने आवाहन किया है कि 20म ?ई की हड़ताल करना जरूरी है यह हड़ताल देशव्यापी हड़ताल है इसमें सभी संविदा कर्मी व मजदूर वर्ग शामिल है। क्यों कि आज किसी भी कार्य क्षेत्र में कार्य कर रहे मजदूर कहीं पर भी न तो सुरक्षित है और न ही उनके बेहतर भविष्य के लिए सरकार नीतियां बना रही है। हमारे पास एक मात्र उपाय है कि हम अपनी मांगों को लेकर व सरकार द्वारा दिन प्रतिदिन जो शोषण की प्रवृत्ति बढ़ रही है उसको खत्म करने के लिए एक जुट होकर आपसी तालमेल बना कर सड़कों पर उतर कर सरकार को घेरने की जरूरत है। सभी बहनें 20म ?ई की हड़ताल के लिए अपने घरों से यूनियन फैसले के अनुसार हड़ताल में शामिल हों व अपने कार्य क्षेत्र में कार्य न करें ।इसी उम्मीद के साथ वर्करों की एकता कायम रहे ।व हमारी हड़ताल सफल बनें। सभी बहनें प्रयास करें।

# मेरा आंगन-मेरी हरियाली 2.0 अभियान 5 जून से

**संतकबीरनगर।** एकलव्य एजुकेशनल एंड चैरिटेबल ट्रस्ट द्वारा पर्यावरण संरक्षण के क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण पहल करते हुए ट्रस्ट ने ₹मेरा आंगन-मेरी हरियाली 2.0₹ अभियान की शुरूआत करने का फैसला किया है ।मुख्य ट्रस्टी गौरव निशास ने बताया कि इसका उद्देश्य लोगों को पर्यावरण के प्रति जागरूक करना और उन्हें अपने घरों और आंगन में पौधे लगाने के लिए प्रेरित करना है। आगे बताया कि अभियान के तहत आगामी 5 जून से लोगों को निःशुल्क पौधे वितरित किया जायेगा और उन्हें अपने आंगन या द्वार पर पौधे लगाने की अपील किया जायेगा ।अभियान के माध्यम से लोगों को पर्यावरण के महत्व के बारे में जागरूक किया जायेगा।

# डीएम की अध्यक्षता में उद्यान विभाग से संबंधित जिला स्तरीय समिति की बैठक हुई आयोजित

वेलकम इंडिया

**संतकबीरनगर।** जिलाधिकारी आलोक कुमार की अध्यक्षता में उद्यान विभाग से संबंधित कार्यक्रमों की रूपरेखा तय करने हेतु जिला स्तरीय समिति की बैठक आयोजित हुई। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी जयकेश त्रिपाठी उपस्थित रहे। बैठक के दौरान जिला उद्यान अधिकारी द्वारा एकीकृत बागवानी विकास मिशन योजना के वर्ष 2024-25 की उपलब्धियों के बारे में तथा वर्ष 2025-26 की कार्ययोजना के बारे में अवगत कराया गया। वर्ष 2025-26 में कुल 7.19 करोड़ की कार्ययोजना उद्यान विभाग द्वारा प्रेषित की गयी है। पर ड्राप मोर क्रॉप माइक्रो इरीगेशन योजना के अंतर्गत वर्ष 2025-26 में कुल 1795 हेक्टेयर क्षेत्रफल में ड्रिप एवं स्प्रिंकलर सिंचाई पद्धतियों की स्थापना का लक्ष्य प्राप्त हुआ है। जिला उद्यान अधिकारी के अनुरोध पर जिलाधिकारी द्वारा उप कृषि निदेशक एवं ज्येष्ठ गन्ना निरीक्षक को सहयोग हेतु निर्देशित किया गया। जिलाधिकारी द्वारा उक्त योजनाओं के अतिरिक्त प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उद्योग उन्नयन योजना की विस्तृत जानकारी प्राप्त की गयी। बैठक में मेसर्स हाई ग्रोथ इंटरप्राइजेज के मौनपालन को बढ़ावा देने से सम्बंधित प्रस्ताव पर भी चर्चा हुई, समिति द्वारा जिला उद्यान अधिकारी को संस्था की जांच कर आख्या प्रेषित करने हेतु निर्देशित किया गया।

# मजदूरों को लेकर लौट रहे कैंटर की ट्रक से जबरदस्त भिड़ंत

वेलकम इंडिया



**जहांगीराबाद।** कोतवाली क्षेत्र के गांव रौंडा के पास एक कैंटर और ट्रक की भीषण टक्कर हो गई। इस हादसे में कैंटर के चालक सहित तीन लोगों की मौत हो गई और 33 लोग घायल हो गए। जिनमें से दो दर्जन से अधिक घायलों को गम्भीर हालत में हायर मेडिकल सेंटर रेफर किया है। घटना का संज्ञान स्वयं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने लिया है। वहीं डीएम और एसएसपी ने भी जिला अस्पताल पहुंचकर घायलों का हाल जाना।

शुक्रवार की सुबह लगभग पौने 4 बजे रौंडा स्थित किसान इंटर कालेज के पास पंजाब के मोड़ा भट्टी इलाके में स्थित ईंट भट्ठे से मजदूरों व उनके परिवारों को लेकर शाहजहाँपुर जा रहा कैंटर आगे चल रहे ट्रक में पीछे से जा घुसा। घटना में शाहजहांपुर के मीयापुर सिंधोली निवासी 25 वर्षीय रवि पुत्र उमेश, शिवदेई पत्नी लल्लू और ग्राम नटार जनपद सिरसा, हरियाणा निवासी कैंटर चालक सुनील(32वर्ष) पुत्र मंगतूराम की मौत हो गई जबकि 33 लोग घायल हो गए। सभी घायलों को आनन फानन में जिला अस्पताल पहुंचाया गया। जिनमें से 27 लोगों को गम्भीर हालत में मेरठ हायर सेंटर रेफर किया गया है। घटना की सूचना मिलते ही कोतवाली प्रभारी रामफल सिंह पुलिस फोर्स के साथ मौके पर पहुंचे और ग्रामीणों की मदद से सभी घायलों को जिला अस्पताल पहुंचाया।

सूचना पर डीएम श्रुति, एसएसपी दिनेश कुमार सिंह व एसपी देहात डॉ तेजवीर सिंह के साथ जिला अस्पताल पहुँचकर घायलों का हालचाल जाना और घटना की जानकारी ली।

# तुलसी बाबा की प्रतिमा का सम्बन्ध राजा भैया से अनंत काल तक स्थापित - दिव्य अग्रवाल (लेखक व विचारक)

वेलकम इंडिया



बाबा तुलसीदास के बिना प्रभु श्री राम की भक्ति पूर्ण नहीं हो सकती इस बात को समझने वाले कुंडा विधायक राजा रघुराज प्रताप सिंह उर्फ राजा भैया ने उत्तर प्रदेश की विधानसभा में उठाया था और बाबा तुलसी की प्रतिमा श्री अयोध्या धाम में स्थापित हो ऐसा आग्रह प्रदेश के मुख्या योगी आदित्यनाथ जी महाराज से किया था ।जिसका सम्मान श्री रामजन्म भूमि तीर्थ ट्रस्ट ने भी किया और राम लला सरकार श्री अयोध्या धाम में तुलसी बाबा की भव्य प्रतिमा की स्थापना करवाई, जिससे चिरकाल तक यह बात स्मरण रखी जायेगी की राजा भैया के भक्ति भाव और प्रभु श्री राम की इच्छा से तुलसी बाबा के दर्शन श्री अयोध्या धाम में श्रद्धालुओं को प्राप्त होते रहेंगे । राजा भैया की माता जी जिन्हे भदरी रियासत के लोग हुजूर साहेब भी कहते हैं अत्यंत आध्यात्मिक और सनातनी परम्पराओं के प्रति समर्पित महिला हैं यदि ऐसा कहा जाए की सनातन धर्म और परम्पराओं की प्रतिमूर्ति हैं तो यह कहना सार्थक होगा। मां जी के संस्कारो का ही प्रताप है की राजा भैया धर्म के प्रति सदैव जागरूक रहते हैं महाकुम्भ की सेवा हो या प्रभु श्री राम मंदिर निर्माण की सेवा राजा भैया सदैव अग्रिम पंक्ति में रहकर सेवा करते दिखाई पड़ते हैं ।शायद प्रभु श्री राम की ही कृपा रही होगी जो राजा भैया के मन में ऐसी प्रेरणा उत्पन्न हुई की तुलसी बाबा की प्रतिमा श्री अयोध्या धाम में होनी चाहिए क्योंकि राजा भैया स्वयं और उनके परिवार के अधिकतम सदस्य प्रतिदिन श्री रामचरितमानस का पाठ नित नियम पूर्वक करते हैं इतना ही नहीं राजा भैया की कोठी में भी हनुमान जी महाराज को प्रतिदिन मानस का पाठ श्रवण कराया जाता है। अतः अनेको बार देखा गया है की जब किसी भी व्यक्ति में आध्यात्मिक चेतना जाग्रत हो तो ईश्वर भी अच्छे कार्य उन्ही के माध्यम से करवाते हैं ।तुलसी बाबा का जन्म लगभग 1532 ईस्वी के आसपास हुआ था तुलसी बाबा ने श्रीरामचरितमानस को 2 वर्ष 7 माह 26 दिन में पूरा किया यह महाकाव्य संवत 1633 (1576 ईस्वी) के मार्गशीर्ष शुक्ल पक्ष में पूर्ण किया गया। श्रीरामचरितमानस भारतीय धार्मिक, सांस्कृतिक, और साहित्यिक परंपरा का एक महत्वपूर्ण ग्रंथ है, जो न केवल भगवान राम के आदर्श जीवन का वर्णन करता है, बल्कि समाज और संस्कृति पर गहरा प्रभाव भी डालता है। इसके सात कांडों में भगवान राम की जीवन यात्रा और भक्ति की शिक्षाएं विस्तृत रूप से प्रस्तुत की गई हैं। इस महाकाव्य ने भक्ति, धर्म, और नैतिकता के सिद्धांतों को जनसामान्य तक पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है और आज भी यह भारतीय समाज और संस्कृति में महत्वपूर्ण स्थान रखता है।

# थाना सुभाष प्लेस द्वारा त्वरित कार्रवाई से छीना गया मोबाइल फोन बरामद हुआ

वेलकम इंडिया



**नई दिल्ली:** शुरूआर को थाना सुभाष प्लेस के कर्मचारियों द्वारा दो स्नैचरों को गिरफ्तार किया गया ।आरोपी मोहम्मद इरशाद उर्फ बाबू थाना सुभाष प्लेस का बदमाश (बीसी) है। वह आदतन और सक्रिय अपराधी है, जो पहले डकैती, डकैती-सह-हत्या और चोरी सहित तीन आपराधिक मामलों में शामिल था। पूछताछ के दौरान, दोनों आरोपियों ने ड्रग्स और शराब की लत को पूरा करने के लिए अपराध करने की बात स्वीकार की। (1) मोहम्मद इरशाद उर्फ बाबू, पुत्र मोहम्मद की गिरफ्तारी के साथ। इस्लाम, निवासी झुग्गी नंबर 2, जी-ब्लॉक, शकूरपुर, दिल्ली, उम्र झ 27 वर्ष, और (2) संजू उर्फ सरू उर्फ थापा, पुत्र छबी लाल, निवासी जी-866, जेजे कॉलोनी, शकूरपुर, दिल्ली, उम्र झ 22 वर्ष, सुभाष प्लेस थाने के स्टाफ ने हाल ही में हुई झपटमारी के एक मामले को सफलतापूर्वक सुलझाया है। उनके कब्जे से एक झपटमार मोबाइल फोन बरामद किया गया और केस प्रॉपर्टी के रूप में जब्त कर लिया गया।

# समाजवादी महिला सभा की जिलाध्यक्ष की अगुवाई में डीएम द्वारा महामहिम राष्ट्रपति को सौंपा ज्ञापन

वेलकम इंडिया

**सिद्धार्थनगर।** समाजवादी पार्टी महिला सभा की जिलाध्यक्ष सुनीता गोस्वामी के अगुवाई में शुक्रवार को जिलाधिकारी द्वारा महामहिम राष्ट्रपति को एक ज्ञापन सौंपा गया। ज्ञापन के माध्यम से बताया गया कि मध्य प्रदेश में भाजपा सरकार के मंत्री विजय शाह द्वाराह्य आपरेशन सिन्दूरह्य में प्रमुख भूमिका निभाने वाली सोफिया कुरैशी के प्रति अपमानजनक टिप्पणी करने वाले भाजपा के मंत्री को बर्खास करने, मंत्री पद से हटाने तथा भाजपा इस कृत्य के लिए पूरे देश से माफी मांगे सहित अन्य मांगो को लेकर ज्ञापन को सोपा गया। इस दौरान समाजवादी पार्टी यूथ ब्रिगेड के राष्ट्रीय सचिव खुर्शीद अहमद खान ने कहा कि मंत्री विजय शाह द्वारा ह्यऑपरेशन सिन्दूरह्य में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाली भारत की बहादुर बेटी कर्नल सोफिया कुरैशी के विरूद्ध बेहद ही अपमानजनक बयान दिया गया। यह बयान भाजपा की दूषित और घृणित मानसिकता को दशार्ता है और उन सभी बेटियों के लिए आपत्तिजनक है जो राष्ट्र सेवा के लिए समर्पित हैं। भाजपा मंत्री के इस बयान से सेना का मनोबल गिरा है ऐसे नेता पे भाजपा कारवाही न कर के बयान का समर्थन कर रही हैं।समाजवादी महिला सभा की जिला अध्यक्ष सुनीता गोस्वामी ने कहा कि भाजपा महिला विरोधी सोच वाली पार्टी है।ऐसे सोच वाले नेताओं पर जो धर्म के आधार पर हमारी वीर बेटी को आतंकवादी की बहन कहने की हिमाकत करते है। इस दौरान लोहिया वाहिनी के राष्ट्रीय सचिव दिनेश यादव, जिला पंचायत सदस्य रिंधु पासवान, कौशल्या यादव, मीना देवी, रफीक अहमद ईश्वरी देवी मनोज यादव, सहित अन्य नेताओं की मौजूदगी रही।



# नहर में डूबा युवक दौलतपुर में कैंटीन में कोल्ड ड्रिंक पीता मिला

वेलकम इंडिया

बुलंदशहर थाना नरसेना क्षेत्र के गांव रघुनाथपुर निवासी रविन्द्र उर्फ रब्बू पुत्र रूपचन्द अपनी मौसेरी बहन की शादी शामिल होने के लिए बृहस्पतिवार की शाम गांव नरसेना गया था। समारोह के दौरान शराब के नशे में नहर में कूद गया। घटना की सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने 16 घंटे तलाश के दौरान नहर में नही मिलने पर सीसीटीवी कैमरा चैक करे । जिसमें नशेड़ी युवक को देखा गया है।

थाना नरसेना क्षेत्र के गांव रघुनाथपुर निवासी अपने परिवार के साथ मौसेरी बहन की शादी में शामिल होने के लिए गांव नरसेना बृहस्पतिवार की शाम आया था। शादी समारोह का कार्क्म नहर पुल के समीप मेरिज हॉम चल रहा था। उसी दौरान रविन्द्र ने शराब के सेवन कर लिया। जिसके बाद नशे की हालत करीब

> रात को एक कंट्रोल रूम में सूचना प्राप्त हुई कि एक व्यक्ति नरसेना नहर के पुल से एक व्यक्ति नहर मैं कूद गया हूं मौके पर थानाप्रभारी नरसेना एनडीआरएफ की टीम फायर ब्रिगेड पाहुंच गए युवक को शह कुशल बरामद कर लिया गया है
> **–प्रखर पांडेय क्षेत्रीय अधिकारी स्याना**

देर शाम 9 बजे नहाने के लिए नहर में कूद गया जिसको वहां मौजूद ग्रामीणों और रिश्तेदारों ने उसको दो बार नहर से निकाल लिया। जिसके बाद तीसरी बार नहर में कूदने पर काफी समय तक बाहर नही निकलने पर जिसकी सूचना ग्रामीणों ने परिजनों को दी। मौके पर पहुंचे परिजनों ने जिसकी पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने गौताखोरो को बुलवा कर सर्च अभियान चलाया। घटना की सूचना पर एसडीएम स्याना गजेन्द्र सिंह भी मौके पर पहुंच गए। जिसकी सूचना एनडीआरएफ टीम को दी गई। ग्रामीणों और गौताखोरों ने सारी रात नहर में तलाश किया। शुक्रवार की सुबह पुलिस और प्रशासन ने नहर गौताखोरों और ग्रामीणों ने नरसेना नहर पुल से लेकर भगवंतपुर झाल तक तलाश किया। लेकिन पह नही मिल पाया। नरसेना पुलिस ने नहर पुल के समीप लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज देखी। दौलतपुर कलां मार्ग पर लगे कैमरे में दौलतपुर की तरफ जाता हुआ दिखाई दिया। पुलिस जानकारी करती हुई दौलतपुर पहुंची और उसकी तलाश शुरू कर दी। युवक कोल्ड ड्रिंक पीता हुआ मिला जिसको पुलिस ने हिरासत में लेकर थाना नरसेना ले आई पुलिस ने हिरासत में लेते वक्त युवक की तलाशी ली तो उसकी जेब में से नींबू जीरा की एक बोतल बारामद हुई।

# रिटायर्ड फौजी के साथ पिता-पुत्र ने की मारपीट

वेलकम इंडिया

- पीड़ित के द्वारा विरोध करने पर आरोप है उक्त युवकों ने गाली गलौज शुरू कर दी।
- पीड़ित ने आरोपी पिता पुत्र के विरुद्ध थाने पर तहरीर देकर जान माल की सुरक्षा की गुहार लगाकर कार्रवाई की मांग की है।

**कांधला। मोहसीन रहमानी।** थाना क्षेत्र के गांव सुन्ना निवासी रिटायर्ड फौजी ने गांव के ही पिता पुत्र पर घर में घुसकर गाली गलौज करने और मारपीट करने का आरोप लगाया है। पीड़ित रिटायर्ड फौजी ने थाने पर तहरीर देते हुए कार्रवाई की मांग की है। थाना क्षेत्र के गांव सुन्ना निवासी रवि रिटायर्ड फौजी है। पीड़ित के अनुसार शुक्रवार को रिटायर्ड फौजी रवि ने थाने पर तहरीर देते हुए बताया कि वह अपने परिवार के साथ अपने घर पर बैठा हुआ था। आरोप है कि गांव का ही एक युवक अपने दोस्तों के साथ पीड़ित के घर के बाहर खड़े होकर गाली-गलौज और अभद्र भाषा का प्रयोग कर रहा था। पीड़ित के द्वारा विरोध करने पर आरोप है उक्त युवकों ने गाली गलौज शुरू कर दी। शोर शराबा होने पर आरोपी युवक का पिता भी मौके पर पहुंच गया। आरोप है कि पिता पुत्र ने पीड़ित रिटायर्ड फौजी के साथ मारपीट की,जिसमें रिटायर्ड फौजी गंभीर रूप से घायल हो गया। आरोप है कि बजरंग दल कार्यकर्ता रविचंद छुड़ाने के लिए आया तो आरोपियों ने उनके साथ भी मारपीट की।

और आरोपियों ने पुलिसकमीयो के सामने पीड़ितों के फोन पर जान से मारने की धमकी दी आरोपियों के द्वारा दी गई धमकी का ऑडियो उनके फोन में कैद हो गया।पीड़ित ने आरोपी पिता पुत्र के विरुद्ध थाने पर तहरीर देकर जान माल की सुरक्षा की गुहार लगाकर कार्रवाई की मांग की है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# खुले आसमान के नीचे हो रहा लाखों का जुआ, सोशल मीडिया पर वीडियो वायरल

वेलकम इंडिया। संदीप तिवारी



**मिजार्मुराद(वाराणसी)।** मिजार्मुराद थाना क्षेत्र के खोचवा ( रूपापुर ) गांव का बड़े पैमाने पर हो रहे खेत खलियान में खुले आसमान के नीचे जुआ का एक वीडियो शुक्रवार को सुबह से ही सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हुआ।इस बाबत जुआ से जुड़ा वीडियो वायरल के बारे में एसीपी (राजातालाब) अजय श्रीवास्तव से बात किया गया तो उन्होंने कहां की वीडियो की जानकारी हुई है पता करवाया जा रहा है वही मिजार्मुराद थाना प्रभारी सुधीर कुमार त्रिपाठी से बात किया गया तो उन्होंने बताया कि जानकारी नही है पता करवाया जा रहा है। जानकारी के अनुसार मिजार्मुराद थाना क्षेत्र के खोचवा ( रूपापुर ) गांव के खेत खलिहान ताल में कई महीनों से बड़े पैमाने पर लाखों का जुआ होता है जहां क्षेत्रो से कई जिलों बड़े जुआड़ी बड़े गाड़ियों से आते है और दूर गाड़ी खड़ी कर के बाइक से जाते और बड़े पैमाने पर जुआ खेलते है।वही सूत्रों का माने तो क्षेत्र का हलका दरोगा बड़ी रकम लेकर जुआ का बड़ा कारोबार चला रहा है।ग्रामीणों द्वारा इसकी कई बार शिकायत किया गया लेकिन पैसे लेने की वजह से पुलिस कोई कार्रवाई नही करती है।जुआ के सट्टे में फसकर कई व्यापारी लालच में फंसकर अपनी किस्मत आजमाते है।बाद में इसमें फंसकर अपना सबकुछ गवां बैठते है।वही फोन के माध्यम से सट्टा लगाने वाले एजेंट के माध्यम से पैसे का लेन-देन किया जाता है।जिससे क्षेत्र में इसका कारोबार बड़े पैमाने पर फैल चुका है।वही सट्टा में युवाओं का मन लग गया और बड़े पैमाने पर क्षेत्र के दर्जनों गांवों ने नवयुवक पैसा लगाते है अगर हार जाते है क्षेत्र में अपराध कर पैसा जुटाने में लगे रहते है।

# युवती को बहला-फुसलाकर भगा ले जाने पर हुआ मुकदमा दर्ज

वेलकम इंडिया

- काफी तलाश करने पर भी उनके पुत्री वह आरोपी का कहीं भी सुराग नहीं लगा।


**कांधला। मोहसीन रहमानी।** नगर एवं क्षेत्र के अलग-अलग स्थानों से दो युवती अपनी प्रेमियों के साथ फरार हो गई। पीड़ितो ने थाने पहुंचकर कई लोगों के विरुद्ध तहरीर देकर फरार युवती व प्रेमियों के विरुद्ध कार्रवाई की मांग की है पुलिस तलाश में जुटी हुई है। थाना क्षेत्र के गांव मतनावली निवासी एक व्यक्ति ने थाने पर तेरी देकर बताया कि उसकी 20 वर्ष या पुत्री को गांव किवाना निवासी विवेक पुत्र कृष्ण पाल बहला-फुसलाकर अपने साथ भगाकर ले गया।

काफी तलाश करने पर भी उनके पुत्री वह आरोपी का कहीं भी सुराग नहीं लगा। उनके पुत्री ने कई दिन पूर्व शाम के समय उनके फोन पर जानकारी दी थी। उसके बाद से फोन पर संपर्क नहीं हुआ पीड़ितों ने अनहोनी की आशंका जताते गया आरोपीयों के विरुद्ध कार्रवाई की मांग कर अपनी पुत्री को बरामद करने की गुहार लगाई है। पुलिस आरोपी के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया है।दुसरी और जनपद बागपत के एक गांव निवासी व्यक्ति ने बताया कि उसकी बहन थाना क्षेत्र की नई बस्ती स्थित उसकी ससुराल में आई हुई थी उसके गांव का एक युवक बहला-फुसलाकर अपने साथ भगा कर ले गया। पीड़ित ने आरोपी के विरुद्ध तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। पुलिस तालाश में जुटी हुई है।

# लोहे के विद्युत पोल में दौड़ा करंट आवारा कुत्ते की मौत

वेलकम इंडिया

**कांधला। मोहसीन रहमानी।** थाना क्षेत्र की नई बस्ती स्थित सलेमपुर मार्ग पर लोहे के विद्युत पोल में करंट आ जाने से एक आवारा कुत्ते की मौत हो गई बस्ती को लोगों ने हंगामा करते हुए विद्युत विभाग पर लापरवाही का आरोप लगाकर विद्युत पोल बदलवाने की मांग की है। कस्बे की नई बस्ती में विद्युत विभाग के द्वारा वर्षो से लोहे के विद्युत पोल लगाकर उन पर एचटी एवं एलटी लाइन खींच रखी है। बस्ती के लोगों का आरोप है कि कई बार लोहे के विद्युत पोल में करंट आ जाने से हादसे से हो चुके हैं। शिकायत के बावजूद भी विद्युत विभाग के कानों पर जूं नहीं रेंगती



करंट आ जाने से कई बार हादसे हो चुके हैं। शुक्रवार को लोहे के विद्युत पोल में करंट आ जाने से एक आवारा कुत्ते की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। बस्ती के दर्जनों लोगों ने हंगामा करते हुए घटना की जानकारी विद्युत विभाग को दी और विद्युत सप्लाई बंद कराई। लोहे के विद्युत पोल में करंट दौड़ जाने से बस्ती में हड़कंप की स्थिति बन गई। इस दौरान महेंद्र ने बताया कि विद्युत पोल में करंट आने से कुत्ते की मौत हुई है, अगर कोई इंसान चपेट में आ जाता तो आज उसकी जगह जमीन पर वह पड़ा हुआ होता। मुनीर ने बताया कि कई बार विद्युत पोल में करंट आने से आवारा जानवर मौत की आगोश में समा चुके हैं। इस दौरान दर्जनों लोगों ने जनपद के उच्च अधिकारियों को शिकायत कर विद्युत पोल बदलवाए जाने की भी मांग की है।

# आम तोड़ने से मना किया तो ठेकेदार पर हमला कर किया घायल

वेलकम इंडिया

**कांधला। मोहसीन रहमानी।** कस्बे के मोहल्ला मोलानान निवासी एक बाग ठेकेदार पर आम तोड़ने से मना करने पर बंजारा समुदाय के कई लोगों ने लाठी डंडों से हमला कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। घायल ने अपना डाक्टरी परीक्षण कराने के बाद कार्रवाई की मांग की है पुलिस जांच में जुटी हुई है। शुक्रवार को कस्बे के मोहल्ला मोलानान निवासी मुकीम ने बताया कि उसने मोहल्ला इमरान नगर के समीप एक आम का बाग ठेके पर ले रखा है। आरोप है कि कई दिनों से बंजारा समुदाय के लोग उसके बाग में आकर फसल को तोड़ कर ले जाते हैं और उसका आए दिन नुकसान करते हैं। शुक्रवार को कई लोग उसके बाग में घुस आए और उसकी आम की फसल को तोड़ने लगे जब पीड़ित ने विरोध किया तो



आरोपियों ने एक राय होकर लाठी-डंडों सहित भाले से हमला कर पीड़ित को गंभीर रूप से घायल कर दिया। शौर-शराबा होने आरोपी मौके से फरार हो गए पीड़ित ने घटना की जानकारी 112 पुलिस को दी पुलिस ने घायल बाग ठेकेदार को उपचार के लिए नगर के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया। चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार कर गंभीर अवस्था में जिला अस्पताल रेफर कर दिया है। पीड़ित व्यक्ति के परिवारजनों ने डाक्टरी परीक्षण कराने के बाद आरोपियों के विरुद्ध थाने पर तहरीर दी है पुलिस आरोपियों की तलाश में जुटी हुई है।

# तेज आंधी से बर्षो पुराना पीपल का पेड़ कार पर गिरा क्षतिग्रस्त



वेलकम इंडिया

**उसका,सिद्धार्थनगर।** आंधी और बारिश में शुक्रवार को उसका बाजार थाना क्षेत्र के ग्राम सोहांस सुमाली के प्राथमिक विद्यालय में स्थित लगभग सौ वर्ष पुराना पीपल का पेड़ गिर गया। इससे जगदीश भारती के घर की बाउंड्रीवाल के भीतर खड़ी कार चपेट में आ गई। जगदीश भारती ने बताया कि आंधी के कारण पूरा परिवार घर के अंदर था, तभी तेज आवाज हुई। बाहर निकलकर देखा तो घर पर पीपल का पेड़ गिरा था और उनकी कार क्षतिग्रस्त हो गई। इससे विद्यालय की बॉउंड्रीवाल भी क्षतिग्रस्त हो गई। इस विशालकाय पेड़ गिरने से सोहांस मोहाना मार्ग पर आवागमन भी बंद हो गया है। इससे क्षेत्र की विद्युत व्यवस्था भी बाधित हो गई है। स्थानीय लोगों का कहना है कि पीपल का पेड़ काटने में समय लग सकता है।

# एमआईईटी में दीक्षांत समारोह 17 मई को, एकेटीयू कुलपति प्रो. जे.पी. पांडे करेंगे डिग्री वितरण

उज्जवल रस्तौगी वरिष्ठ पत्रकार

**मेरठ।** मेरठ इंस्टिट्यूट ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी (एमआईईटी) में 17 मई को भव्य दीक्षांत समारोह का आयोजन किया जाएगा। समारोह की अध्यक्षता डॉ. ए.पी.जे. अब्दुल कलाम टेक्निकल यूनिवर्सिटी एकेटीयू के कुलपति प्रोफेसर (डॉ.) जे.पी. पांडे करेंगे। इस अवसर पर कुल 1156 छात्र-छात्राओं को डिग्रियां प्रदान की जाएंगी। संस्थान में आयोजित एक प्रेस वार्ता में कैंपस डायरेक्टर डॉ. संजय कुमार सिंह ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि बीटेक




2024 पास आउट बैच के 791, बी.फार्मा के 73, एमबीए के 166, एमसीए के 97, एम.टेक के 8 और एम.फार्मा के 21 विद्यार्थियों को डिग्री दी जाएगी। रजिस्ट्रार शिवपूजन सिंह ने बताया कि इस अवसर पर विभिन्न पाठ्यक्रमों के टॉप तीन विद्यार्थियों को गोल्ड, सिल्वर और ब्रॉन्ज मेडल देकर सम्मानित किया जाएगा। बीटेक की 13 ब्रांचों सहित बी.फार्मा, एमबीए, एमसीए, एमटेक और एमफार्मा के मेधावी विद्यार्थियों को यह सम्मान दिया जाएगा। कैंपस निदेशक प्रो. (डॉ.) एस.के. सिंह ने बताया कि बीटेक (कंप्यूटर साइंस - डाटा साइंस) की छात्रा झलक जैन को एकेटीयू यूनिवर्सिटी में सर्वोच्च अंक प्राप्त करने पर चांसलर अवार्ड और गोल्ड मेडल से सम्मानित किया जाएगा। वहीं, बीटेक (इलेक्ट्रॉनिक्स एंड कम्युनिकेशन इंजीनियरिंग) की छात्रा निकिता सिंह को यूनिवर्सिटी स्तर पर सर्वोच्च अंक प्राप्त करने पर गोल्ड मेडल प्रदान किया जाएगा। एम.टेक (कंप्यूटर साइंस) की छात्रा शिवा चौधरी को विश्वविद्यालय में तीसरा स्थान प्राप्त करने पर सिल्वर मेडल मिलेगा।

# अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व ने किया बाढ सुरक्षात्मक कार्यों का स्थलीय निरीक्षण

वेलकम इंडिया : नितिन शर्मा

**धामपुर।** संभावित बाढ से पूर्व तैयारियों के परिप्रेक्ष्य में जनपद में चल रहे बाढ सुरक्षात्मक कार्यों की परियोजनाओं के वित्तीय कार्यों/ भौतिक सत्यापन तथा कार्यों की गुणवत्ता की जांच हेतु जिलाधिकारी द्वारा गठित समिति के अधिकारियों ने अफजलगढ सिंचाई खण्ड धामपुर के नियंत्रणाधीन खो नदी के बांये किनारे स्थित तिपरजोत तटबन्ध की सुरक्षा हेतु कराये जा रहे कटाव निरोधक कार्यो का स्थलीय निरीक्षण किया। अपर जिलाधिकारी द्वारा सिंचाई



विभाग के अधिकारियों को समस्त कार्य मानसून से पूर्व समय पूर्ण कराने के निर्देश दिए। इस दौरान अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व अरविन्द कुमार , अधिशासी अभियंता मध्य गंगा नहर निर्माण खंड-5 बिजनौर ब्रजेश कुमार मौर्य , उपजिलाधिकारी धामपुर रितु चौधरी, सहायक अभियंता पुनीत कुमार अग्रवाल, जूनियर इंजीनियर राकेश भारद्वाज, नवीन शर्मा, चंद्रकुश चौहान एवं गौरव कुमार आदि मौजूद रहे।

# मेरठ इंस्टिट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी में दो दिवसीय अंतरराष्ट्रीय कांफ्रेंस का भव्य शुभारंभ हुआ


**उज्जवल रस्तौगी वरिष्ठ पत्रकार**

**मेरठ।** परतापुर बाईपास स्थित मेरठ इंस्टिट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी (एमआईटी) में ३गणित में नवीनतम प्रगति३ विषय पर आधारित दो दिवसीय अंतरराष्ट्रीय कांफ्रेंस का शुभारंभ उत्साहपूर्वक हुआ। सम्मेलन का उद्घाटन देश-विदेश से पधारे ख्यातिप्राप्त शिक्षाविदों द्वारा दीप प्रज्वलन के साथ किया गया।

मुख्य अतिथियों में जर्मनी से प्रो. एबरहार्ड मालकोवस्की, जापान से प्रो. ताकानोरी इबाराकी, सर्बिया से प्रो. वेस्ना वेलिक्कोविक, डॉ. जाविद अली (अलीगढ़ मुस्लिम यूनिवर्सिटी), डॉ. इजहार उद्दीन (जामिया मिल्लिया इस्लामिया), प्रो. मुकेश कुमार शर्मा (सीसीएसयू, मेरठ), डॉ. संजय कुमार तथा एमआईटी के निदेशक डॉ. केएलए खान शामिल रहे। सम्मेलन के संयोजक डॉ. मोहम्मद अरशद ने जानकारी दी कि इस आयोजन का उद्देश्य गणित के विविध क्षेत्रों में कार्यरत शोधार्थियों और विद्यार्थियों को एक साझा अंतरराष्ट्रीय मंच उपलब्ध कराना है, जहां वे विशेषज्ञों के साथ संवाद कर सकें। सम्मेलन में फंक्शनल एनालिसिस, वेवलेट थ्योरी, ऑप्टिमाइजेशन, ग्राफ थ्योरी, कोडिंग थ्योरी और डिफरेंशियल इक्वेशंस जैसे समसामयिक विषयों पर गंभीर विमर्श किया जा रहा है। दो दिवसीय सम्मेलन में कुल 92 शोध पत्र प्रस्तुत किए गए हैं। पहले दिन 50 शोध पत्रों पर चर्चा संपन्न हुई, जबकि शेष 42 पर दूसरे दिन चर्चा की जाएगी। प्रो. एबरहार्ड मालकोवस्की ने जर्मनी की उच्च शिक्षा प्रणाली एवं सरकार द्वारा लागू की जा रही नवीन शैक्षिक नीतियों की विस्तृत जानकारी दी। वहीं, प्रो. ताकानोरी इबाराकी ने जापान में गणित के अनुप्रयोगों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि चाहे सुई का निर्माण हो या अत्याधुनिक फाइटर प्लेन का निर्माण, गणित हर क्षेत्र की बुनियाद है और जापान इसका गहनतम उपयोग करता है।इस अवसर पर चैयरमेन विष्णु शरण,संस्थान के प्रिंसिपल डॉ. हिमांशु शर्मा, डीन एकेडमिक डॉ. गौरव शर्मा, प्रिंसिपल फामेर्सी डॉ. नीरज कांत शर्मा, डॉ. मनोज कुमार, डॉ. नाजिम, डॉ. पंकज शर्मा, अजय चौधरी सहित कई गणमान्य अतिथिगण एवं प्रतिभागी उपस्थित रहे।




# बाबा महेंद्र सिंह टिकैत की 14 वी पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि दी



**वेलकम इंडिया : नितिन शर्मा**

**चांदपुर :** शिवसेना की एक बैठक क्षेत्रीय कार्यालय बागडपुर में शोभित गुर्जर की अध्यक्षता में बबलू प्रजापति के संचालन में संपन्न हुई। बैठक में बाबा महेंद्र सिंह टिकैत की 14 वी पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि दी इसमें जिला प्रमुख चौधरी वीर सिंह ने कहा कि टिकैत साहब किसानों व मजदूरों के मसीहा थे उन्होंने हमेशा किसानों व मजदूरों के हक की लड़ाई लड़ी उन्होंने कहा कि हम सबको उनके पद चिन्ह पर चलना चाहिए बैठक के बाद सभी शिव सैनिक टिकैत साहब की मूर्ति पर जाकर श्रद्धांजलि दी। कार्यक्रम में शैलेंद्र चौधरी, पुलकित शर्मा, कलवा, संजीव कुमार, कृष्ण पाल, शोभित गुर्जर, बबलू, राहुल कुमार ,धर्मेंद्र सिंह आदि मौजूद रहे।

# ड्राइवर की नींद की झपकी, ब्रेकर या तेज रफ्तार बनी हादसे का कारण पुलिस जांच में जुटी

**वेलकम इंडिया**

- वहीं हादसे के बाद ट्रक का चालक मौके से फरार हो गया पुलिस उसकी तलाश कर रही है।

**बुलंदशहर।** जहांगीराबाद में कैंटर चालक की नींद की झपकी, सड़क का ऊंचा ब्रेकर या तेज रफ्तार हादसे का कारण बनी।इन सभी बिंदुओं पर पुलिस गहनता से जांच कर रही है।

हालांकि एसपी देहात डॉक्टर तेजवीर सिंह का कहना है कि शुरूआती जांच में कैंटर की चालक को नींद की झपकी आने के कारण हादसे की वजह बताई जा रही है।स्थानीय लोगों ने बताया कि हादसे वाले जगह पर सड़क पर काफी ऊंचा ब्रेकर बना हुआ था आसन का जताई जा रही है कि ट्रक चालक द्वारा स्पीड ब्रेकर को देखकर ट्रक में ब्रेक लगाए गए होंगे जबकि पीछे चल रहा कैंटर चालक इसे समझ नहीं पाया जिसके चलते पीछे से टक्कर हो गई। वहीं कुछ घायलों का कहना है कि कैंटर की रफ्तार काफी तेज थी। हालांकि हादसे के दौरान ज्यादातर मजदूर सोए हुए थे और उन्हें कैंटर की टक्कर होने पर एक तेज धमाके की आवाज सुनाई दी। वहीं हादसे के बाद ट्रक का चालक मौके से फरार हो गया पुलिस उसकी तलाश कर रही है।

# श्री साई पब्लिक स्कूल चांगीपुर का परीक्षा फल रहा शत-प्रतिशत



**वेलकम इंडिया : नितिन शर्मा**

**नूरपुर :** श्री साई पब्लिक स्कूल चांगीपुर में बच्चों ने बोर्ड एग्जाम के बहुत अच्छे परिणाम दिखाएं, जिसमें मनु यादव ने सीबीएस बोर्ड से 93.8% इशिका गुर्जर ने 84.4% तथा खुशी ने 82% प्रतिशत लाकर अपने माता एवम्पिता तथा स्कूल का नाम रोशन किया। सीबीएसई बोर्ड हाइस्कूल में उत्तीर्ण हुए बच्चों को विद्यालय के प्रबंधक लोकेंद्र सिंह चौहान ने शुभकामनाएं दीं एवं प्रधानाचार्य श्रवण कुमार शर्मा एवम संरक्षक मोहित सिंह ने बच्चों को ट्रॉफी दी एवं सीनियर को ऑर्डिनेटर अमरीन रियाज और जूनियर कोऑर्डिनेटर भावना राजपूत ने बच्चों का उत्साह वर्धन कर बच्चों को भविष्य में आने वाली चुनौतियों का सामना करने की प्रेरणा दी तथा सभी अध्यापक गणों ने बच्चों के आत्मविश्वास को बढ़ाने हेतु उनके आत्मविश्वास को बढ़ावा दिया और प्रधानाचार्य ने उनके उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए बहुत शुभकामनाएं दीं।

# दियाक्षी चौहान ने 12वी मे 92% अंक प्राप्त कर किया स्कूल टॉपर

**वेलकम इंडिया : नितिन शर्मा**




**नूरपुर :** सीबीएसई बोर्ड द्वारा घोषित परीक्षा फल देख छात्र-छात्राएं खुशी से झूम उठे। पोटा निवासी देवदत्त रघुवंशी (प्रधान) की पुत्री दियाक्षी चौहान गुरु तेग बहादुर पब्लिक स्कूल के कक्षा 12 की छात्रा है। दीपाक्षी चौहान ने 12वी मे 92% अंक प्राप्त करके विद्यालय टॉप किया है।दीपाक्षी चौहान ने इसका श्रेय अपने विद्यालय के गुरुजनों एवं परिजनों को दिया।

विद्यालय के प्रबंधक मनदीप सिंह ने विद्यालय के परीक्षा परिणाम पर प्रसन्नता व्यक्त की व दियाक्षी चौहान के उज्जवल भविष्य की कामना की। दियाक्षी चौहान स्वर्गीय अर्जुन सिंह की पोत्री है

# विद्युत वितरण निगम लिमिटेड के द्वारा अभियान चलाया गया

**वेलकम इंडिया**



प्रयागराज नैनी में पूर्वांचल विद्युत वितरण निगम लिमिटेड के अंतर्गत विद्युत वितरण खंड यमुनापार के अंतर्गत विद्युत वितरण उपखंड नैनी प्रयागराज के अधिक लाइन हानियां वाले चिन्हित क्षेत्र (ल्ङ्ग३ रस्त्रङ्ग३ अर्१ीं)में विद्युत चोरी रोकने व राजस्व प्राप्ति में वृद्धि हेतु ग्राम रामपुर करछना क्षेत्र में सघन विद्युत अभियान चलाया गया ।। 8- 22 नग व्यक्तियों को विद्युत चोरी करते पाया गया जिनके विरुद्ध प्राथमिक की दर्ज कराई गई उक्त चेकिंग अभियान औचक रूप से अधिक लाइन हानियां वाले क्षेत्रों में निरंतर जारी रहेगा सभी उपभोक्ताओं से अपील है कि अपना विद्युत बिल समय से जमा करें वह विद्युत चोरी ना करें।इस मौके पर आलोक रंजन गुप्ता उपखंड अधिकारी नैनी, रवि प्रकाश अवर अभियंता रामपुर, आकाश पांडेय अवर अभियंता भीरपुर, अनुराग श्रीवास्तव अवर अभियंता पीढ़ी, अनुज सिंह अवर अभियंता बरांव, एस पी गौतम उपखंड अधिकारी रीवा रोड , शिवानंद पांडेय उपखंड अधिकारी पिपलगांव, भगवंत सिंह उपखंड अधिकारी शंकरगढ़, विनय कुमार शर्मा उपखंड अधिकारी करछना, रंजीत पटेल उपखंड अधिकारी कौंधियारा, सुशील यादव टी जी 2 ननकेश यादव और समस्त अवर अभियंता यमुनापार द्वारा रामपुर गांव में चेकिंग किया गया।उच्च अधिकारियों के निर्देश पर किया गया हैं।

# सड़क दुघर्टना में एक 32 वर्षीय युवक की मौके पर मौत

**वेलकम इंडिया महमूद रजा**




जनपद बिजनौर अफजालगढ़ सड़क दुघर्टना में मैक्स पिकअप महिंद्रा गाड़ी बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गए राष्ट्रीय राजमार्ग 74 पर स्थित गांव मनोहरवाली के समीप मैक्स पिकअप महिंद्रा गाड़ी व आईसर केन्टर गाड़ी की भिड़ंत में एक युवक की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई जबकि दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को पुलिस द्वारा 108 एंबुलेंस की मदद से सीएचसी में भर्ती कराया गया ।पुलिस ने मृतक युवक ताजुद्दीन उम्र 32 वर्षीय के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेजा। वही सड़क दुघर्टना में दोनों गाड़ियां बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गए। अफजलगढ़ थाना क्षेत्र के गांव सीरवासुचंद निवासी मोहम्मद इमरान उम्र 30 वर्षीय पुत्र मोहम्मद गफ्फार शुक्रवार की सुबह सवेरे अपने साथी आरिफ उम्र 28 वर्षीय पुत्र रियासत व ताजुद्दीन पुत्र जमालुद्दीन निवासी गांव उदयपुर थाना रेहड़ के साथ धामपुर की ओर से मैक्स पिकअप महिंद्रा गाड़ी में मुर्गी फार्म से मुर्गा लेकर अफजलगढ़ की ओर जा रहे थे। जैसे ही उनकी मैक्स पिकअप महिन्द्रा गाड़ी गांव मनोहरवाली कट के नजदीक पहुंची तो आगे जा रही गाड़ी आईसर केन्टर चालक विजयपाल पुत्र नोनीराम निवासी गांव दनकरा थाना कैमरी जिला रामपुर जो अपनी गाड़ी में कोल्डड्रिंक जीरा छोटी बोतल लेकर हरिद्वार उत्तराखंड से हरदोई जा रहा था।

# ट्रैफिक पुलिस में तैनात सिपाही का ट्रांसफर अंतर जनपद होने पर फूलमालाए पहनाकर दी विदाई



**वेलकम इंडिया राजेंद्र सिंह वरिष्ठ पत्रकार**

हापुड़/हापुड़ ट्रैफिक पुलिस में तैनात कांस्टेबल दिनेश राणा का शासन के द्वारा चलाई जा रही अंतर जनपद तबादला एक्सप्रेस में सवार होने पर ट्रैफिक पुलिस यातायात प्रभारी निरीक्षक ने अपनी पुलिस टीम के साथ फूलमालाएं पहनाकर कर भावभीनी विदाई ।बता दे कि हापुड़ ट्रैफिक पुलिस में तैनात सिपाही दिनेश राणा के द्वारा अपनी ड्यूटी का सत्यता निष्ठा पूर्वक निर्वाह करने के चलते शासन के आदेश पर सिपाही दिनेश राणा का ट्रांसफर बुलंदशहर होने पर यातायात प्रभारी निरीक्षक छविराम की पुलिस टीम के द्वारा विदाई समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें यातायात प्रभारी निरीक्षक छविराम के द्वारा अपनी ट्रैफिक पुलिस टीम के साथ फूल-मालाए पहनाकर दिनेश राणा को भावभीनी सम्मान पूर्वक विदाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की गई।

# भारतीय किसान यूनियन ने गन्ना समिति में 7 करोड रुपए के घोटाले को लेकर गन्ना जिला अधिकारी को हटाने की उठाई मांग

**वेलकम इंडिया राजेंद्र सिंह वारिस पत्रकार**



हापुड़/भारतीय किसान यूनियन (अराजनैतिक) का प्रतिनिधिमंडल जिलाध्यक्ष पवन हूण गुर्जर के नेतृत्व में कलेक्ट्रेट पर हापुड़ गन्ना समिति में 7 करोड़ घोटाले के जांच अधिकारी अंकित वर्मा से मिला। जिसमें भाकियू प्रतिनिधि मंडल ने जिला गन्ना जिलाधिकारी को हटाए जाने की मांग की और निम्न समस्याओं से अवगत कराया:- (1).सिंभावली 70 हजार कुंतल चीनी और बृजनाथपुर 27 हजार कुंतल चीनी 300 रू० कम दाम पर बेचा गया।जबकि पिछले कई साल का रिकार्ड देखा गया तो इतनी नमी चीनी में कभी नहीं आई।, नमी की कोई रिपोर्ट नहीं है।तो कौन सी लैब में है बोली लगाने वाला कोई ग्राहक नहीं 23 करोड़ का घोटाला हुआ इसकी जांच की जाए।(2)प्रबंधक समिति का एक खाता होता है जिसमें उसके मेंटेनेंस का पैसा व किसानों के गन्ने भुगतान का पैसा आता है। उसमें एफडी होती है जिसकी जानकारी जिला गन्ना अधिकारी को होती है हर तीसरे महीने वाउचर एवं समिति की बैक स्टेटमेंट तक चेक होती है।इसके बावजूद भी एक करोड़ 25 लाख की एफडी तोड़ दी गई, और 7 करोड़ का घोटाला कर दिया।

इसमें जो भी दोषी है उनके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाये। (3)जांच सदस्य टीम बनाई हुई है जिसमें जिला गन्ना अधिकारी को बाहर किया जाए जिससे जांच प्रभावित होती है। (4).दत्तियाना गांव में तालाब की खुदाई में दो किसानों की जमीन खोद दी गई।

# बिजनौर डीएम जसजीत कौर ने गांवों को आदर्श ग्राम बनाने के दिए निर्देश

**वेलकम इंडिया महमूद रजा**



जनपद बिजनौर डीएम जसजीत कौर ने गांव को आदर्श ग्राम बनाने के दिए निर्देश ग्रामीणों को व्यक्तिगत शौचालय अनिवार्य रूप से प्रयोग करने के लिए प्रेरित करने का आदेश ताकि गंदगी न हो और गुलदार से सुरक्षा हो ।प्रत्येक एडीओ पंचायत 3 दिन में बिना खेल मैदान वाली 5 ग्राम पंचायतों की सूची दें ताकि खेल मैदान बन सकें।

गांवों में ठोस एवं तरल कचरा प्रबंधन के लिए अभियान चलाने और घर-घर कूड़ा संग्रह सफल बनाने के लिए ग्रामीणों को प्रेरित करने के निर्देश।

बीडीओ और एडीओ ग्राम पंचायत कि आय के स्रोत बढ़ाने के लिए प्रयास करें ताकि विकास कार्य हो सकें। ग्रामीण पुस्तकालयों को अधिक क्रियाशील और बहुउद्देशीय बनाने की योजना बनाने और लोगों को पुस्तकालयों से जुड़ने के लिए जागरूक करने के निर्देश। पुस्तकालयों में रात्रि अध्ययन के लिए उचित प्रकाश व्यवस्था करने और ग्राम प्रधानों को पुस्तकालयों से जोड़ने के निर्देश ।सभी एडीओ ग्राम पंचायत के सार्वजनिक भवनों पर वर्षा जल संचयन प्रणाली स्थापित करना सुनिश्चित करें। जिलाधिकारी ने स्वच्छ भारत मिशन मैनेजमेंट कार्यक्रम की प्रगति और विभिन्न कार्यों की समीक्षा की और आवश्यक निर्देश दिए ।बैठक में मुख्य विकास अधिकारी पूर्ण बोरा और अन्य संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

# काईट में हुआ एआई समिट का सफल आयोजन

वेलकम इंडिया

**मुरादनगर,( अनिल वशिष्ठ )।** दिल्ली-एनसीआर में स्थित काईट ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस के सीएसई (एआई व एआई एमएल) विभाग ने ह्लशिक्षा और जनरेटिव एआई समागमह्व थीम पर आधारित सम्मेलन का आयोजन किया। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य छात्रों को आर्टिफीसियल इंटेलिजेंस के क्षेत्र में वैश्विक स्तर पर हो रहे विकास से अवगत करवाना था` कार्यक्रम की थीम एस०डी०जी 4 (गुणवत्तापूर्ण शिक्षा), एस०डी०जी 8 (उत्कृष्ट कार्य और आर्थिक विकास) और एस०डी०जी 9 (उद्योग, नवाचार और बुनियादी ढांचा) के सिद्धांतों के अनुरूप है,जो छात्रों में शिक्षा और तकनीक के क्षेत्र में कुछ नया करने के लिए प्रेरित करता हैं` इस सम्मेलन में एआई, एआई एवं एमएल तथा अन्य कंप्यूटर विज्ञान इंजीनियरिंग शाखाओं के लगभग 500 छात्रों ने भाग लिया।




इस कार्यक्रम की शोभा मुख्य अतिथि डॉ. नलिन कुमार श्रीवास्तव (निदेशक-ए आई मिशन एवं वैज्ञानिक, इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रोद्योगिकी मंत्रालय, भारत सरकार), विशिष्ट अतिथि, डॉ. डी पी सिंह ( प्रमुख, ए०डब्ल्यू०एस स्किल्स, ए०डब्ल्यू०एस ) की उपस्थिति द्वारा बढ़ाई गई। इसके साथ ही विविध क्षेत्रों से जुड़े 15 प्रेरणादायक वक्ताओं ने अपनी विशिष्ट दृष्टिकोणों से विषय को प्रस्तुत किया। इनमें डॉ. संदीप कुमार (प्राध्यापक, आई आई टी ,दिल्ली), डॉ. हिमांशु कुमार (संस्थापक, टैक्सबोटजीपीटी.एआई),अभिषेक गुप्ता (कॉर्पोरेट हेड, डिश टीवी),अजय सिंह (सह-संस्थापक, डी26 वेंचरस), डॉ.रणजीत सिंह (फोरेंसिक एक्सपर्ट एवं संस्थापक, सिफ्स),वेंकटेश नीलम (टीए लीडर, एटलसियन), मयूर गर्ग (स्पेशलाइज्ड मास्टर, डेलोइट), चेतन पवार (कंप्यूटर वैज्ञानिक, एडोबी), सूरज शुक्ला (वरिष्ट सॉफ्टवेयर इंजीनियर, माइक्रोसॉफ्ट), श्रीमती दीपिका अमन (सीएसएम लीडर, आईबीएम), प्रवीण पोद्दार (विशेषज्ञ- डाटा एवं ए आई, ए०डब्ल्यू०एस), विषु मुदगल (संस्थापक, एप्सिलोन क्रिएटिव एजेंसी), सिद्धार्थ सहगल (संस्थापक, 360 डिग्री क्लाउड टेक्नोलॉजीज), कुमार सत्यम (संस्थापक, सीईक्यूयू) और रजत वधवा (प्रमुख- ग्राहक उत्पाद, हीरो फिनकोर्प) शामिल थे।

# सड़क एवं नाली निर्माण कार्यों का विधायक डॉ. मंजू शिवाच ने शिलान्यास किया



वेलकम इंडिया

**मोदीनगर,( अनिल वशिष्ठ )।** विधानसभा क्षेत्र में अधोसंरचना विकास को गति देते हुए विधायक डॉ. मंजू शिवाच द्वारा आज विभिन्न ग्रामों में सड़क एवं नाली निर्माण कार्यों का शिलान्यास किया गया। ग्राम जोया में मुख्यमंत्री त्वरित आर्थिक विकास योजना के अंतर्गत सचिवालय से सुखवीर के मकान तक इंटरलॉकिंग सड़क निर्माण कार्य का शिलान्यास विधायक डॉ. मंजू शिवाच द्वारा किया गया। इस कार्य की लम्बाई 515 मीटर और कुल लागत 55.46 लाख है। ग्राम तिबड़ा में विधायक निधि से मेन रास्ते से पानी की टंकी तक इंटरलोकिंग रोड निर्माण कार्य का शिलान्यास विधायक द्वारा किया गया। इस कार्य की लम्बाई 160 मीटर कुल लागत 9.88 लाख है ।साथ ही साथ भोजपुर ब्लॉक द्वारा कराये गये विकास कार्यों का भी उद्घाटन किया ।विधायक डॉ. मंजू शिवाच ने कहा कि मोदीनगर विधानसभा क्षेत्र के समग्र विकास के लिए वे सदैव संकल्पित हैं।उन्होंने यह भी आश्वस्त किया कि आगे भी जनता की मूलभूत आवश्यकताओं की पूर्ति हेतु विकास कार्य प्राथमिकता के आधार पर कराए जाएंगे।

# शिक्षा स्कूल ने मेधावी छात्रों को किया सम्मानित



वेलकम इंडिया

**मोदीनगर,( अनिल वशिष्ठ )।** निवाड़ी स्थित शिक्षा इंटरनेशनल स्कूल में दसवीं और बारहवीं में सर्वोच्च अंक प्राप्त करने वाले छात्रों के लिए सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विद्यालय के चेयरमैन नीरज त्यागी ने मेधावी छात्र-छात्राओं और उनके अभिभावकों का स्वागत एवं अभिनन्दन किया ।इस समारोह में कक्षा बारहवी और कक्षा दसवीं बोर्ड परीक्षा में उच्च अंक प्राप्त करने वाले छात्रों को विद्यालय की ओर से ट्रॉफी और प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। चेयरमैन नीरज त्यागी ने अभिभावकों को बधाई देते हुए सभी छात्र-छात्राओं के उज्जवल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर विद्यालय के अध्यक्ष , प्रधानाचार्या, समन्वयक महोदया,शिक्षकगण और अभिभावकगण मौजूद रहे।

# समर कैंप से होता है बच्चों का सर्वांगीण विकासः विनोद वैशाली

वेलकम इंडिया

**मोदीनगर,( अनिल वशिष्ठ )।** गोविंदपुरी स्थित छाया पब्लिक स्कूल में 15 दिवसीय समर कैंप का शुभारंभ नगर पालिका अध्यक्ष विनोद वैशाली ने फीता काटकर किया। उन्होंने बच्चों को संबोधित करते हुए कहा की वर्तमान समय में समर कैंप बच्चों के लिए एक जरूरी गतिविधि है जिसके द्वारा बच्चों का सर्वांगीण विकास होता है और पूरे साल पढ़ाई करने के बाद कुछ नया करने के लिए समर कैंप का आयोजन सभी विद्यालय के लिए नितांत आवश्यक है ।इससे जहां बच्चे अपने रुचि के अनुसार उस विषय में पारंगता हासिल करते है साथ ही पूरे वर्ष के पढ़ाई के बोझ को हल्का भी करता है और जीवन में एक नए पन का एहसास भी कराता है वर्तमान समय में समर कैंप बच्चों की एक विशेष आवश्यकता बन चुका है आज मुझे देखकर काफी प्रसन्नता हो रही है कि इस कैंप के माध्यम से बच्चे अलग-अलग खेलों में नई-नई भाषाओं का ज्ञान संगीत नृत्य नाटिका आदि गतिविधियों का भरपूर आनंद उठा रहे हैं। इस अवसर पर विद्यालय के



प्रबंधक अखिलेश द्विवेदी द्वारा मुख्य अतिथि विनोद वैशाली को पटका माला व स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया विद्यालय के प्रधानाचार्य डॉक्टर अरुण त्यागी बताया कि इस 15 दिवसीय समर कैंप के दौरान बच्चों को तीन आउटडोर गतिविधियों के साथ रोबोटिक्स विभिन्न खेल, संगीत में, गायन, नृत्य, नाट्य मंचन विभिन्न प्रकार के वाद्य यंत्र चलाना, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, कला, पुस्तक कला, वेस्ट मटेरियल से कुछ नई चीज तैयार करना व अन्य नई तकनीकियों का उच्च स्तर पर प्रशिक्षित किया जाएगा प्रत्येक दिन अपने क्षेत्र की नामचीन हस्तियों द्वारा बच्चों के बीच जाकर उन्हें उस विषय की बारीकियों से अवगत कराकर उस विद्या का प्रदर्शन उनके द्वारा किया जाएगा और समर कैंप के अंतिम दिन कैंप फिनाले में बच्चों द्वारा सिखी गई गतिविधियों का प्रदर्शन अभिभावकों के सामने किया जाएगा कार्यक्रम को सफल बनाने विभिन्न विषय विशेषज्ञों के साथ विद्यालय के शिक्षक शिक्षिकाएं अपनी अहम भूमिका निभा रहे हैं।

# बिजली की समस्याओं को लेकर बिजली घर पर प्रदर्शन कर धरना दिया



वेलकम इंडिया

**मोदीनगर,( अनिल वशिष्ठ )।** भारतीय किसान मजदूर मोर्चा के सैकड़ों लोगों ने क्षेत्र में बिजली की समस्याओं को लेकर सीकरी रोड स्थित बिजली घर पर प्रदर्शन कर धरना दिया। बिजली घर के मुख्य गेट पर ताला लगा दिया गया। प्रमुख समस्याओं सीकरी खुर्द गाँव से लेकर मोदी पॉन कॉलोनी तक लाइन पार के पूरे क्षेत्र में बिजली पूरी रात गायब रहती है एवम देहात में किसानों को सिंचाई के लिए केवल 3-4 घंटे ही बिजली मिल रही है। जिससे किसान अपनी सिंचाई नहीं कर पा रहे हैं देहात के कई गाँवों में आठ दस दिन से कई ट्रांसफार्मर फूंके पड़े हैं। बिजली विभाग के कर्मचारी कोई भी काम बिना सुविधा शुल्क के नहीं करते हैं। इन सभी समस्याओं को लेकर सैकड़ों लोग बिजली घर में धरने पर बैठ गए। किसी सक्षम अधिकारी के न आने पर बिजली घर पर ताला जड़ दिया। इस मौके पर मुख्य रूप से डाक्टर बबली गुर्जर राहुल प्रधान सतेन्द्र शर्मा नीरज प्रजापति। निर्दोष खटाना अमित गोयल नगर पालिका के कई सभासद गण भी उपस्थित रहे जिनमें सूबे सिंह गुलाब सिंह धर्मवीर सिंह वेद प्रकाश चौधरी बबलू कौशिक आलोक भारती एवं इस्तकार प्रधान पप्पू प्रधान सुनील प्रधान राहुल कलछीना राज वर्मा नवीन जैन बीके शर्मा एमपी सिंह चमन सिंह वीर सिंह उत्तम प्रधान।

# नुक्कड़ नाटक के माध्यम से राष्ट्रीय डेंगू दिवस पर दिया गया जागरूकता संदेशः डॉ मधु गुप्ता



वेलकम इंडिया/चरन सिंह

**बरेली।** अर्बन प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र सीबीगंज में राष्ट्रीय डेंगू दिवस के उपलक्ष्य पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर विश्राम सिंह, जिला सर्विलांस अधिकारी डॉक्टर प्रशांत रंजन एवं नोडल अधिकारी डॉक्टर अजमेर सिंह के दिशानिर्देशन में प्रभारी चिकित्साधिकारी डॉक्टर मधु गुप्ता की उपस्थित में एक नुक्कड़ नाटक का आयोजन किया गया। इस नुक्कड़ नाटक के माध्यम से आम जनमानस तक डेंगू रोग को लेकर जागरूकता का संदेश दिया गया। इस अवसर पर प्रभारी चिकित्साधिकारी डॉक्टर मधु गुप्ता द्वारा बताया गया कि डेंगू रोग बहुत ही घातक बीमारी होती है, जिसका मुख्य कारण हमारे चारों तरफ साफ सफाई न रखने एवं घर के अंदर साफ सफाई न रखने से हैं। इसीलिए हमे अपने चारों तरफ एवं नालियों में साफ सफाई रखनी चाहिए तथा अपने घर के अंदर फ्रिज, कूलर तथा छत पर रखे हुए गमलों की समय समय पर साफ सफाई करते रहना चाहिए। क्योंकि डेंगू का मच्छर हमेशा गंदगी में ही पनपता है डेंगू रोग के मुख्य लक्षण, सर में दर्द होना, बुखार होना, जोड़ों में दर्द होना इत्यादि हैं। इस अवसर पर हिरदेश कुमार, मनमोहन सिंह, सरिता कुमारी, रामलली, रजनी, मनु राजपूत, मोनू, सूरज, पूनम, सुनीता, नीरज एवं मीता गुप्ता आदि का विशेष सहयोग रहा।

# बरेली पुलिस की तत्परता से सकुशल मिले चार अपहृत किशोर

वेलकम इंडिया/सुनील गुप्ता

**बरेली।** जनपद के थाना सीबीगंज क्षेत्र से लापता हुए चार किशोरों को बरेली पुलिस ने दिल्ली से सकुशल बरामद कर उनके परिजनों को सौंप दिया है। दिनांक 11 मई 2025 को ग्राम मथुरापुर निवासी गुड्डी द्वारा थाने में अपने पुत्र रोहित (13 वर्ष) व उसके दो दोस्तों विजय (12 वर्ष) व आयुष (13 वर्ष) के अचानक गायब होने की सूचना दी गई थी। प्राप्त तहरीर के आधार पर थाना सीबीगंज में बीएनएस के तहत मामला दर्ज किया गया। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक बरेली के निर्देश पर प्रभारी निरीक्षक सीबीगंज सुरेश चन्द्र गौतम के नेतृत्व में एक विशेष टीम का गठन कर जांच प्रारंभ की गई।

जांच के दौरान पुलिस को जानकारी मिली कि चारों किशोर




दिल्ली स्थित लाल किला घूमने स्वयं ही चले गए थे। थाना सीबीगंज पुलिस टीम ने उन्हें शहरी आश्रय सुधार बोर्ड, रैन बसेरा दिल्ली से सकुशल बरामद कर लिया। बरामद किशोरों में रितिक (15 वर्ष), रोहित (13 वर्ष), विजय (12 वर्ष) व आयुष (13 वर्ष) शामिल हैं। पुलिस टीम द्वारा सराहनीय कार्य करते हुए सभी किशोरों को सुरक्षित उनके परिजनों के सुपुर्द कर दिया गया। इस टीम में निरीक्षक अपराध सुभाष कुमार व हेड कांस्टेबल रूपेन्द्र चौधरी भी शामिल रहे।

# शराबी पति ने अपनी पत्नी को पीटकर छत से उल्टा लटकाया

वेलकम इंडिया/चरन सिंह

**बरेली।** आंवला कस्बे के लठैता मोहल्ले से एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है, जिसमें एक शराबी पति ने पहले तो अपनी पत्नी को बेरहमी से पीटा और फिर उसे छत से उल्टा लटकाकर जान से मारने की कोशिश की। गनीमत तो ये रही कि मोहल्ले के लोगों ने समय रहते महिला को पकड़ लिया और उसकी जान बच गई। फिल्हाल इस घटना के बाद महिला पूरी तरह डरी और सहमी हुई है और उसका इलाज चल रहा है। आपको बता दें कि यह पूरी घटना एक पड़ोसी ने अपने मोबाइल में कैद कर की, जो अब सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रही है। इस घटना को लेकर पीड़ित महिला के भाई रघुनाथ सिंह ने बताया है के 13 मई की रात लगभग 10 बजे उसकी बहन के पति नितिन ने पहले बहन डौली को बुरी तरह पीटा और फिर छत से उल्टा लटकाकर उसे छोड़



दिया। इस दौरान बहन डौली की चीख-पुकार सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे और समय रहते उसे पकड़ लिया। इस घटना में डौली को गंभीर चोटें आई हैं और उसका इलाज चल रहा है। पीड़ित महिला के भाई रघुनाथ सिंह बदायूं के वजीरगंज के रहने वाले हैं उन्होंने पुलिस में इस घटना को लेकर रिपोर्ट दर्ज कराई है। उन्होंने बताया है कि उनकी बहन डौली की शादी वर्ष 2012 में नितिन सिंह के साथ हुई थी।

# विशेष सफाई अभियान के तहत नगर पालिका ने हटाया अतिक्रमण

वेलकम इंडिया

**टाण्डा जिला रामपुर।** आगामी वर्षा ऋतु के मद्देनजर नगर पालिका परिषद ने शुक्रवार को नगर में विशेष सफाई अभियान चलाया। अधिशासी अधिकारी पुनीत कुमार के निर्देशन में मोहल्ला नज्जूपुरा स्थित मीना बाजार में नाले पर बने अस्थायी अतिक्रमण को हटाकर तलीझाड़ सफाई कराई गई।

बताते हैं कि मीना बाजार में लंबे समय से नाले पर अतिक्रमण के चलते नियमित सफाई संभव नहीं हो पा रही थी, जिससे बरसात में नाले का गंदा पानी सड़क पर फैल जाता था ।जिसकी शिकायत मोहल्ले के




कुछ लोगों द्वारा नगर पालिका प्रशासन से की गई थी ।जिसके बाद नगरपालिका द्वारा शुक्रवार को नाले से अतिक्रमण हटाकर नाले की तलीझाड़ सफाई कराई गई ।अब अतिक्रमण हटने और नाले की सफाई से पानी का प्रवाह सुचारु हो सकेगा, जिससे जलभराव की समस्या से राहत मिलेगी। सफाई अभियान के तहत कोतवाली के निकट हनुमान मंदिर के गेट पर बनी वर्षों पुरानी नगर पालिका की चुंगी को भी तोड़ दिया गया। इससे मंदिर मार्ग अब पूर्णतः अतिक्रमण मुक्त हो गया है, जिससे श्रद्धालुओं और राहगीरों को आवाजाही में सहूलियत मिलेगी। अभियान के दौरान अधिशासी अधिकारी पुनीत कुमार के साथ नायब तहसीलदार अमित कुमार, अवर अभियंता अभिनेष कुमार तिवारी, प्रधान लिपिक धनीराम सैनी, लेखा लिपिक शुभम भारती और कस्बा चौकी इंचार्ज रामकुमार सिंह सहित अन्य पालिका कर्मी शामिल रहे।

# टर्की के पाक प्रेम पर भारतीय उद्योगपतियों का प्रहार, गाजियाबाद से शुरू हुआ बॉयकट तुर्की अभियान

वेलकम इंडिया

**इंद्रेश शर्मा, गाजियाबाद।** भारत और पाकिस्तान के बीच सीजफायर भले ही हो गया हो, लेकिन हालिया आतंकवादी घटनाओं और उसके बाद ऑपरेशन सिंदूर के दौरान पाकिस्तान को मिले तुर्की के समर्थन ने भारत में भारी नाराजगी पैदा कर दी है। इस नाराजगी की परिणति अब बॉयकट तुर्की अभियान के रूप में सामने आ रही है, जिसका सबसे पहला असर गाजियाबाद में देखने को मिला है। गाजियाबाद के



उद्यमियों ने तुर्की से सभी प्रकार के व्यापारिक संबंध समाप्त करने का निर्णय लिया है। इंडस्ट्रियल एरिया मैन्युफैक्चरर्स एसोसिएशन ( आईएएमए) के अनुसार इस बहिष्कार से तुर्की को लगभग 1000 करोड़ रुपये का सीधा नुकसान हो सकता है। जिले में मौजूद करीब 27,000 इंडस्ट्रीज भी तुर्की के साथ व्यापारिक संबंध समाप्त करने पर विचार कर रही हैं वहीं जिले की करीब 450 बड़ी इंडस्ट्रीज ने तुर्की से सीधा व्यापार बंद कर दिया है. ।शुक्रवार को एक प्रेस वार्ता कर इंडस्ट्रियल एरिया मैन्युफैक्चरर्स एसोसिएशन ( आईएएमए) के महासचिव संजीव सचदेव ने मीडिया को बताया कि, ह्लभारत ने जब तुर्की में भूकंप आया था, तब मानवीय आधार पर उसकी सहायता की थी, लेकिन अब तुर्की ने आतंकवाद का समर्थन कर यह साबित कर दिया है कि वह पाकिस्तान के साथ खड़ा है।

# सीडीओ की अध्यक्षता में मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना के अंतर्गत बैंकों में प्राप्त लंबित आवेदनों की बैंकवार समीक्षा बैठक हुई

वेलकम इंडिया



**गाजियाबाद।** दुर्गावती देवी सभागार विकास भवन में मुख्य विकास अधिकारी गाजियाबाद श्री अभिनव गोपाल की अध्यक्षता में उत्तर प्रदेश शासन द्वारा संचालित मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान, एक जनपद एक उत्पाद ओडीओपी योजना, मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना के अंतर्गत बैंकों में प्राप्त लंबित आवेदनों की बैंकवार समीक्षा बैठक आयोजित की गई। मुख्य विकास अधिकारी महोदय गाजियाबाद द्वारा मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना, एक जनपद एक उत्पाद योजना,मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान योजना के अंतर्गत लंबित प्रकरणों की समीक्षा करते हुए पाया गया कि बैंकों द्वारा आवेदनों पर सकारात्मक कार्यवाही नहीं की जा रही है एवं काफी बैंक शाखाओं में शत-प्रतिशत आवेदन लंबित बने हुए हैं।उक्त पर मुख्य विकास अधिकारी द्वारा गंभीर नाराजगी व्यक्त की गई एवं सभी बैंक अधिकारियों को अवगत कराया गया कि उक्त ऋण योजनाओं की समीक्षा प्रत्येक माह सीएम डैशबोर्ड के अंतर्गत माननीय मुख्यमंत्री जी द्वारा की जा रही है।मुख्यमंत्री उद्यमी विकास अभियान योजना माननीय मुख्यमंत्री जी की महत्वाकांक्षी एवं प्राथमिक योजनाओं में से एक है, जिसकी समीक्षा शासन स्तर पर भी निरंतर की जा रही है, जिसमें बैंकों को आवंटित लक्ष्यों की शत-प्रतिशत पूर्ति किए जाने हेतु निर्देशित किया जा रहा है।बैठक में उपस्थित बैंक अधिकारियों को योजना एवं आवेदनों की पूर्ण जानकारी न होने पर मुख्य विकास अधिकारी द्वारा असंतोष प्रकट किया गया। तथा सभी बैंक अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि सभी बैंक अधिकारी अपनी समस्त बैंक शाखाओं के संबंधित बैंक कर्मचारी/अधिकारी को योजना की समस्त जानकारी एवं उक्त के संचालन के विषय में, कि आवेदन पर किस प्रकार स्वीकृति वितरण आदि की कार्यवाही करनी है, जानकारी प्रदान कराए।बैंकों में लंबित आवेदनों के शीघ्र निस्तारण हेतु एसओपी का अध्ययन करें तथा एस ओ पी के अनुसार आवेदनों के निस्तारण की कार्रवाई सुनिश्चित करें। मुख्य विकास अधिकारी द्वारा, केनरा बैंक, एसबीआई बैंक, पंजाब नेशनल बैंक एवं उक्त के अतिरिक्त कई बैंकों से एसओपी के अनुसार आवेदन ऑन के निस्तारण हेतु तैयार चेक लिस्ट उपलब्ध कराए जाने हेतु निर्देशित किया गया।

# यूथ स्वराज दल संगठन की नई टीम गठित



वेलकम इंडिया

**नई दिल्ली: ( सुमित सोरेन)** यूथ स्वराज दल के संस्थापक और केंद्रीय प्रभारी जितेन्द्र सूद ने अपनी नई टीम की घोषणा की है। शुक्रवार को नवनियुक्त अध्यक्ष अनिल शील, कार्यवाहक अध्यक्ष राजन बेनीवाल, महामंत्री भाई वीरेंद्र, कोषाध्यक्ष सुमित सोरेन, मीडिया प्रभारी बबलू कुमार और सहयोगी विक्की पार्चा ओर मजदूर विंग के अध्यक्ष का पद रवींद्र सिंह ने पदभार ग्रहण किया। संगठन के संस्थापक ने कहा कि यूथ स्वराज दल संगठन का मुख्य उद्देश्य गरीब मजदूरों के हकों अधिकारों के लिए लड़ना है, दिल्ली प्रदेश में किसी भी विभाग में यदि वहां के गरीब मजदूर लोगों के साथ किसी भी तरह का शोषण होगा तो वहां उन लोगों की मदद के लिए यूथ स्वराज दल उनके साथ खड़ा होगा और उनके हकों के लिए लड़ाई लड़ेगा और अन्य मुद्दे जैसे स्वच्छता, जल संरक्षण, रक्तदान जैसे सामाजिक कार्यों को बढ़ावा देना है। केंद्रीय अध्यक्ष जितेन्द्र सूद ने बताया कि संगठन नदियों की रक्षा, संस्कृति बचाओ अभियान और मंदिरों के सौंदर्यीकरण में सक्रिय रूप से काम भी करेगा।

# कौशांबी के जयपुरिया चौराहे को नया नाम मिला



वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद।** कौशांबी क्षेत्र स्थित जयपुरिया चौराहे को अब एक नई पहचान मिल गई है। समाजसेवी पवन गुप्ता के सहयोग और पहल से इस चौराहे का नाम ह्लराम चौकह्व रखा गया। इस शुभ अवसर का अनावरण स्थानीय पार्षद कुसुम मनोज गोयल द्वारा किया गया। यह नामकरण केवल एक प्रतीकात्मक परिवर्तन नहीं था, बल्कि यह कार्यक्रम सांस्कृतिक, धार्मिक और सामाजिक समरसता का जीवंत उदाहरण बना। नामकरण समारोह के उपलक्ष्य में एक भव्य धार्मिक आयोजन किया गया जिसमें सैकड़ों श्रद्धालुओं और स्थानीय निवासियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। धार्मिक अनुष्ठानों के पश्चात विशाल भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण कर धर्म लाभ प्राप्त किया। इस ऐतिहासिक अवसर पर क्षेत्र के अनेक गणमान्य नागरिक और सामाजिक कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# 10वाँ राष्ट्रीय डेंगू दिवस मनाया गया

वेलकम इंडिया



**गाजियाबाद।** दिनांक 16.05.2025 को डेंगू दिवस के रूप में मनाया जाता है इस वर्ष यह 10वाँ राष्ट्रीय डेंगू दिवस के रूप में मनाया गया है।जिसके उपलक्ष्य में समस्त सी०एच०सी० एवं समस्त नगरीय प्रा०स्वा०केन्द्रों पर डेंगू से बचाव हेतु क्या करें क्या न करें की संगोष्ठी आयोजित की गयी। मुख्यालय स्तर पर प्रमुख कार्यक्रम एम०बी० गर्ल्स बालिका इण्टर कॉलेज चन्द्रपुरी में आयोजित किया गया यहाँ पर लगभग 200-250 छात्राओं के साथ-साथ वहाँ अध्यापिका भी उपस्थित रही। इस कार्यक्रम में पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें डेंगू से बचाव हेतु छात्राओं द्वारा विभिन्न प्रकार के पोस्टर बनाये गये।इसमें 05 सबसे अच्छे पोस्टर बनाने वाली छात्राओं को सम्मानित भी किया गया। कार्यक्रम में पाथ संस्थान की तरफ से डा० अफिशा एवं रिति फाउडेन्शन के संचालक ने भी डेंगू से बचाव हेतु अपनी जिम्मेदारी समझते हुए प्रतिभाग किया। विद्यालय के सभागार में उपस्थित छात्राओं एवं सभी स्टाफ को डेंगू से बचाव हेतु जागरूक करते हुए इसमें भागीदारी हेतु शपथ दिलायी गयी। इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से जिला सर्विलान्स अधिकारी डा० आर०के० गुप्ता, जिला मलेरिया अधिकारी श्री जी०के० मिश्रा, सहायक मलेरिया अधिकारी श्री नरेन्द्र कुमार, एपिडिमियोलोजिस्ट डा० शिवी अग्रवाल, चिकित्साधिकारी डा० रितु वर्मा महाराजपुर प्रथम आदि मौजूद रहे साथ ही जिला मलेरिया अधिकारी गाजियाबाद द्वारा जनमानस को डेंगू से रोकथाम एवं बचाव हेतु अपना अपना सहयोग प्रदान की अपील की गयी।

# व्योम त्यागी ने हाईस्कूल में 90% से ज्यादा अंक लाकर किया स्कूल और माता पिता का नाम रोशन

वेलकम इंडिया अनिल कुमार



**गाजियाबाद।** देश के प्रत्येक बच्चे के सस्ती और सुलभ शिक्षा के सपने को साकार करने के लिए दृढ़संकल्पित गाजियाबाद पेरेंट्स एसोसिएशन की अध्यक्ष सीमा त्यागी के पुत्र व्योम त्यागी ने जो कि केंद्रीय विद्यालय कमला नेहरू नगर के छात्र हैं ने हाईस्कूल में 90% से ज्यादा अंक लाकर जहां स्कूल का नाम रोशन किया है वहीं माता पिता का भी मस्तक गर्व से ऊंचा किया है यहां आपको बताना जरूरी है व्योम त्यागी वो प्रतिभाशाली बच्चा है जो पढ़ाई के साथ साथ खेल में भी अव्वल है जो माता पिता सोचते है कि बच्चे खेल और पढ़ाई दोनों में अच्छा परिणाम नहीं ला सकते व्योम त्यागी ने ऐसे अभिभावकों के लिए खेल और पढ़ाई दोनों में ही शीर्ष पर रहकर एक नायब उदाहरण पेश किया है ताइक्वांडो में ब्लैक बेल्ट सेकंड डेन 15 वर्षीय व्योम त्यागी देश के विभिन्न राज्यों में आयोजित प्रतियोगिताओं में 52 से ज्यादा पदक हासिल कर चुके है।

## नाहल गांव में लावारिस कुत्ते का कहर, आठ लोगों पर किया हमला

**गाजियाबाद।** गाजियाबाद के मसूरी क्षेत्र के नाहल गांव में गुरुवार शाम एक लावारिस कुत्ते ने आतंक मचाते हुए आठ लोगों को बुरी तरह घायल कर दिया। घायलों में पुरुष, महिलाएं और एक युवती शामिल हैं।यह घटनाक्रम शाम छह बजे शुरू हुआ और देर रात 11 बजे तक चलता रहा।कुत्ते के हमले में मोहल्ला मेडको वाला निवासी जाहिद (28), खाकियान निवासी मुजम्मिल (60), वर्षा (22), सुभांको मोहल्ला निवासी ताहिर बिल्लोरी (40), नाई मोहल्ला की 60 वर्षीय हसीना, ताहिर (43) और इरफान (50) घायल हो गए।इनमें से इरफान और ताहिर ने डासना स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) पहुंचकर एंटी रेबीज वैक्सीन लगवाई, जबकि अन्य छह घायलों ने निजी चिकित्सकों से इलाज कराया।स्थानीय निवासी अदनान ने बताया कि क्षेत्र में आवारा कुत्तों की संख्या तेजी से बढ़ रही है और वे राह चलते लोगों पर हमला कर रहे हैं।इस कारण शाम होते ही लोगों का घर से निकलना मुश्किल हो गया है।उन्होंने बताया कि इस समस्या को लेकर डासना नगर पंचायत में शिकायत दर्ज कराई गई है। डासना सीएचसी की प्रभारी डॉ. प्राची पाल ने जानकारी दी कि शुक्रवार को केंद्र में कुल 32 लोगों को एंटी रेबीज वैक्सीन दी गई, जिनमें दो मरीज नाहल गांव से थे।उन्होंने आश्वासन दिया कि कुत्तों की बढ़ती समस्या से निपटने के लिए जल्द उचित कदम उठाए जाएंगे।

## चार साल के मासूम का अपहरण करने वाला शातिर आरोपी गिरफ्तार, बच्चा सकुशल बरामद

**गाजियाबाद।** गाजियाबाद जीआरपी और आरपीएफ की संयुक्त टीम ने एक बड़ी कामयाबी हासिल करते हुए चार वर्षीय बच्चे के अपहरण के सनसनीखेज मामले का खुलासा कर आरोपी को दिल्ली से गिरफ्तार कर लिया।पुलिस ने आरोपी की निशानदेही पर बच्चे को दिल्ली में उसकी बहन के घर से सुरक्षित बरामद कर उसकी मां के हवाले कर दिया।जीआरपी सीओ सुदेश गुप्ता ने बताया कि उत्तराखंड के ऋषिकेश निवासी पूजा 11 मई को अपने चार वर्षीय बेटे के साथ दिल्ली आई थीं।दिल्ली रेलवे स्टेशन पर पूजा की मुलाकात सलमान नाम के युवक से हुई, जिसने खुद को मददगार बनाते हुए उनके साथ बातचीत शुरू की और धीरे-धीरे विश्वास जीत लिया।वह रातभर उनके साथ रहा।

# भाजपा मंत्री विजय शाह के आपत्तिजनक बयान पर समाजवादी महिला सभा का विरोध प्रदर्शन, राष्ट्रपति को ज्ञापन सौंपा

वेलकम इंडिया



**गाजियाबाद।** भाजपा शासित मध्य प्रदेश सरकार में मंत्री विजय शाह द्वारा सेना की महिला अधिकारी सोफिया कुरैशी के खिलाफ दिए गए आपत्तिजनक बयान को लेकर समाजवादी महिला सभा ने आज कलेक्ट्रेट गाजियाबाद में जोरदार विरोध दर्ज कराया। सभा की महानगर अध्यक्ष किरण कालिया के नेतृत्व में राष्ट्रपति महोदया को संबोधित एक ज्ञापन अतिरिक्त मजिस्ट्रेट को सौंपा गया, जिसमें मंत्री विजय शाह को तत्काल बर्खास्त करने और उनके विरुद्ध कड़ी कानूनी कार्रवाई की मांग की गई।प्रदर्शन के दौरान किरण कालिया ने कहा कि विजय शाह का बयान न केवल एक उच्च सैन्य महिला अधिकारी का अपमान है, बल्कि देश की हर नारी और सेना की गरिमा को ठेस पहुंचाने वाला है। यह बयान भाजपा की ह्यनारी शक्ति वंदनह्व जैसी घोषणाओं की असलियत उजागर करता है। उन्होंने राष्ट्रपति से मांग की कि ऐसे व्यक्ति को, जो सार्वजनिक रूप से महिला विरोधी विचार व्यक्त करता है, मंत्री पद पर बने रहने का कोई अधिकार नहीं है। सभा में मौजूद प्रदेश उपाध्यक्ष श्रीमती राज देवी चौधरी, पूर्व राज्य महिला आयोग सदस्य मधु चौधरी एवं अन्य महिला पदाधिकारियों ने एक स्वर में कहा कि इस प्रकार की मानसिकता महिला सशक्तिकरण के विरुद्ध है और इससे समाज में महिलाओं के प्रति नकारात्मक सोच को बल मिलता है।सभा ने चेतावनी दी कि यदि इस मामले में शीघ्र और सख्त कार्रवाई नहीं हुई, तो समाजवादी महिला सभा राज्यव्यापी आंदोलन के लिए बाध्य होगी। ज्ञापन सौंपने वालों किरण कालिया, महानगर अध्यक्ष, दुर्गेश चौधरी, जिला अध्यक्ष, राज देवी चौधरी, प्रदेश उपाध्यक्ष, पूर्व सदस्य राज्य महिला आयोग, मधु चौधरी, प्रदेश उपाध्यक्ष एवं अन्य महिला पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मौजूद रहीं।

# गाजियाबाद विकास प्राधिकरण की बड़ी कार्रवाई, 21 बीघा में विकसित अवैध कॉलोनी ध्वस्त

वेलकम इंडिया



**गाजियाबाद।** गाजियाबाद विकास प्राधिकरण द्वारा अवैध निमार्णों और अनाधिकृत कॉलोनियों के विरुद्ध सख्त रुख अपनाते हुए आज मटियाला रोड, ग्राम सदरपुर क्षेत्र में बड़ी ध्वस्तीकरण कार्रवाई की गई।यह कार्रवाई उपाध्यक्ष महोदय के निदेर्शों के अनुपालन में, प्रभारी प्रवर्तन जोन-3 के नेतृत्व में की गई।मोहम्मद आबिद, मोहम्मद अतीक (पुत्रगण शमशूद्दीन) और इन्द्रपाल (पुत्र श्री हरि सिंह) आदि द्वारा जनहित इंस्टिट्यूट के सामने लगभग 21 बीघा भूमि पर अवैध रूप से कॉलोनी विकसित की जा रही थी। इस अवैध कॉलोनी में भूखंडों की बाउंड्री वॉल, सड़कों का निर्माण और विद्युत पोल लगाए जा रहे थे, जिन्हें मौके पर ध्वस्त कर दिया गया। ध्वस्तीकरण के दौरान स्थानीय निर्माणकताओं ने भारी विरोध किया, लेकिन प्राधिकरण पुलिस बल की मौजूदगी में उन्हें नियंत्रित कर कार्रवाई सफलतापूर्वक पूरी की गई। मौके पर मौजूद अधिकारियों द्वारा आमजन से यह अपील की गई कि वे अनाधिकृत कॉलोनियों में भूखंडों की खरीद-फरोख्त न करें, जिससे उन्हें भविष्य में नुकसान न उठाना पड़े। इस कार्रवाई के दौरान अधिशासी अभियंता, सहायक अभियंता, अवर अभियंता, सभी सुपरवाइजर/मेट, स्थानीय पुलिस बल और प्राधिकरण पुलिस बल मुस्तैदी से उपस्थित रहे।

# गाजियाबाद में 17 से 19 मई तक तीन दिवसीय तिरंगा यात्रा का आयोजन

वेलकम इंडिया



**गाजियाबाद।** विकसित भारत की दिशा में अग्रसर देश के यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व, एक भारत-श्रेष्ठ भारत की भावना और देश की सीमाओं पर शौर्य दिखा रहे वीर सैनिकों को समर्पित, गाजियाबाद महानगर द्वारा 17 से 19 मई तक तीन दिवसीय तिरंगा यात्रा का आयोजन किया जा रहा है।यह यात्रा न केवल राष्ट्रभक्ति और एकता का प्रतीक होगी, बल्कि देश के लिए प्राणों की आहुति देने वाले अमर शहीदों और सैनिकों के प्रति श्रद्धांजलि भी होगी। महानगर अध्यक्ष श्री मयंक गोयल के मार्गदर्शन में आयोजित यह यात्रा साहिबाबाद, मुरादनगर और गाजियाबाद विधानसभा क्षेत्रों में निकाली जाएगी।17 मई को साहिबाबाद विधानसभा क्षेत्र में शाम 5:00 बजे, शालीमार गार्डन मंगल पांडे चौक से भारत माता चौक तक यात्रा निकाली जाएगी। 18 मई को मुरादनगर विधानसभा में शाम 5:00 बजे से यात्रा सैक्टर 23, संजय नगर रानी लक्ष्मी बाई चौक, पी ब्लॉक चौराहा से रामलीला मैदान हनुमान मंदिर चौक तक आयोजित होगी । 19 मई को गाजियाबाद विधानसभा क्षेत्र में शाम 6:30 बजे, त्रिपाठी नर्सिंग होम से स्वदेशी चौक विजयनगर तक तिरंगा यात्रा निकाली जाएगी। इस राष्ट्रभक्ति से ओतप्रोत आयोजन की तैयारियों को लेकर आज एक अहम बैठक सम्पन्न हुई, जिसमें महानगर अध्यक्ष मयंक गोयल, यात्रा महानगर संयोजक श्री सचिन डेढ़ा एवं सह-संयोजक श्री संदीप चौधरी की उपस्थिति में तीनों विधानसभाओं के संयोजक और सह-संयोजकों के साथ रणनीति तय की गई। यात्रा के दौरान जनसंपर्क अभियान, सुरक्षा प्रबंधन और रूट प्लान को लेकर विस्तृत रूप से चर्चा की गई। बैठक में सुनील यादव, संजय कांत शर्मा, नवनीत मित्तल, आशीष चौधरी, मोनू त्यागी, अमित रंजन सहित अनेक वरिष्ठ कार्यकर्ता उपस्थित रहे। महानगर अध्यक्ष श्री मयंक गोयल ने कार्यकताओं को संबोधित करते हुए कहा कि यह तिरंगा यात्रा केवल आयोजन नहीं, बल्कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के आत्मनिर्भर भारत और वसुधैव कुटुंबकम के संकल्प का जनजन में प्रसार है।

# नगर निगम की पहल पर कंपनी बाग स्थित लाइब्रेरी को मिला हाईटेक रूप, छात्रों को मिलेगी अत्याधुनिक सुविधाएं

वेलकम इंडिया



**गाजियाबाद।** गाजियाबाद नगर निगम द्वारा कंपनी बाग स्थित ऐतिहासिक लाइब्रेरी का आधुनिक रूप से जीर्णोद्धार किया गया है।नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक की पहल और योजना के तहत इस पुस्तकालय को तकनीकी सुविधाओं से सुसज्जित कर एक मॉडल अध्ययन केंद्र के रूप में विकसित किया गया है।नगर आयुक्त ने हाल ही में इसका निरीक्षण किया, जिसमें नगर स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. मिथिलेश भी उपस्थित रहे। इस आधुनिक पुस्तकालय का उद्घाटन शीघ्र ही महापौर एवं नगर आयुक्त द्वारा संयुक्त रूप से किया जाएगा। यह परियोजना पूरी तरह से सीएसआर (कॉर्पोरेट सोशल रिस्पॉन्सिबिलिटी) एक्टिविटी के तहत नेचर ग्रीन टूल्स एंड मशीन प्राइवेट लिमिटेड के सहयोग से पूरी की गई है, जिसके निदेशक शिवम गोयल हैं। नगर आयुक्त ने जानकारी दी कि पुस्तकालय में एक समय में 40 से 50 विद्यार्थियों के बैठने की व्यवस्था की गई है।वरिष्ठ नागरिकों के लिए अलग कक्ष तैयार किया गया है। पूरी लाइब्रेरी को वातानुकूलित बनाया गया है और प्रकाश व्यवस्था को आधुनिक रूप दिया गया है। दिव्यांगों, महिलाओं और पुरुषों के लिए अलग-अलग आधुनिक शौचालयों की व्यवस्था की गई है। लाइब्रेरी को बारकोड प्रणाली से जोड़ा गया है जिससे पुस्तकों का डिजिटल प्रबंधन संभव होगा।एक कंप्यूटर लैब भी तैयार की गई है जिसमें 10 कंप्यूटर लगाए गए हैं और पूरे परिसर में हाई-स्पीड इंटरनेट सुविधा उपलब्ध कराई गई है। नगर आयुक्त ने बताया कि विद्यार्थियों को मेंबरशिप दी जाएगी और प्रतिदिन की एंट्री व्यवस्था भी सुनिश्चित की जा रही है।पुस्तकालय में सीसीटीवी कैमरे लगाए गए हैं जिससे निगरानी प्रणाली भी सुदृढ़ होगी। निरीक्षण के दौरान नगर आयुक्त ने वहां पढ़ाई कर रहे छात्रों से संवाद कर उन्हें मोटिवेट भी किया।नगर आयुक्त ने यह भी बताया कि गाजियाबाद में यूपीएससी, यूपीपीसीएस और अन्य प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे युवाओं के लिए कंपनी बाग में ही एक विशेष स्टडी सेंटर बनाने की योजना पर काम किया जा रहा है। इसके तहत क्लासरूम जैसी सुविधाएं भी मुहैया कराई जाएंगी।